आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 193 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025

### मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना, अधोसंरचना एवं सेंट्रल लाइटिंग मद से स्वीकृत हुए कार्य

# मनेंद्रगढ़ क्षेत्र को मिली 25.99 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया

**संवाददाता ● रायपुर**



शासन की प्राथमिकता में शामिल नगरीय विकास को लेकर मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के लिए एक और खुशखबरी सामने आई है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना, अधोसंरचना मद एवं सेंट्रल लाइटिंग मद अंतर्गत राज्य बजट से मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए कुल 25 करोड़ 99 लाख 82 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी नगर क्षेत्र के लिए 25 करोड़ 99 लाख रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि इन योजनाओं की स्वीकृति से गौरव पथ सड़क, बाईपास सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था एवं सेंट्रल लाइब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य अब धरातल पर उतरेंगे, जिससे चिरमिरी के समग्र विकास के संकल्प को नई गति प्राप्त होगी।

यह स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत चिरमिरी नगर पालिका क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत कार्यों में गोदरी पारा से डोमनहिल तक गौरवपथ निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ रुपये, वार्ड क्रमांक 8 बड़ा ग्राउंड से सिद्धबाबा मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 40 लाख रुपये, प्रकाश व्यवस्था हेतु 20 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है।

इसके साथ ही सांस्कृतिक मंच ग्राम पंचायत से आत्मानंद स्कूल मुख्य मार्ग, चित्रोझोर पौड़ी तक रिटेनिंग वॉल एवं फुटपाथ निर्माण हेतु 2 करोड़ रुपये, सोनमली नाका से नगर से दीनदयाल चौक पौड़ी तक बायपास कोरिया होते हुए निर्माण हेतु 8 करोड़ 75 लाख 47 हजार रुपये, अन्य अतिरिक्त कार्यों हेतु 6 करोड़ 22 लाख 86 हजार रुपये, तथा सेंट्रल लाइटिंग सह री-डिंग जोन (250 सीटर्स) हेतु 4 करोड़ 41 लाख 49 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

इस प्रकार कुल मिलाकर चिरमिरी नगर पालिका क्षेत्र को 25.99 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात प्राप्त हुई है, जिससे क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को मजबूती मिलेगी एवं आमजन को सुविधाएं प्राप्त होंगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सतत प्रयासों से यह बड़ी स्वीकृति मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र को प्राप्त हुई है। स्थानीय नागरिकों ने इसके लिए शासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# टैरिफ में न्यूनतम वृद्धि, आपूर्ति में गुणवत्ता : ऊर्जा सुधारों को व्यापक जनसमर्थन : सीएम साय

## स्टील उद्योगों के लिये राहत, घरेलु उपभोक्ताओं के लिए संरक्षण, कृषि पंपों पर नहीं पड़ेगा बोझ

**संवाददाता ● रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु घोषित बिजली टैरिफ में मात्र 1.89 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो कि विगत वर्षों में न्यूनतम वृद्धि में से एक है। यह निर्णय जनसुनवाई की प्रक्रिया के बाद पारदर्शी ढंग से लिया गया है और इसे घरेलू उपभोक्ताओं से लेकर स्टील और रोलिंग मिल उद्योगों तक ने सराहा है।

### आम उपभोक्ताओं को राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि घरेलू विद्युत दरों में केवल 10 से 20 पैसे तक की मामूली वृद्धि की गई है, जबकि कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है — जिसका सीधा असर किसानों पर नहीं पड़ेगा क्योंकि यह राशि शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में पहले से अग्रिम भुगतान की जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ के कृषक वर्ग पर कोई अतिरिक्त आर्थिक भार न पड़े। सरकार किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा कर रही है।


### स्टील इंडस्ट्री की दरों में कटौती

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखने हेतु मिनी स्टील, रोलिंग मिल और फेरो एलॉय जैसे ऊर्जा-गहन उद्योगों की दरों में कटौती की है। यह निर्णय उद्योगों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### गुणवत्तापूर्ण वितरण प्रणाली

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में औसतन 23.85 घंटे/दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 23.45 घंटे/दिन बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। विशेष रूप से कृषि फीडरों में 18 घंटे प्रतिदिन की आपूर्ति दी जा रही है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक आंकड़ों में शामिल है। तकनीकी और वाणिज्यिक हानि (AT&C Loss) को 2020-21 में 23.14% से घटाकर 2024-25 में 13.79% किया गया है। यह उपलब्धि दक्ष संचालन, पारदर्शी व्यवस्था और तकनीकी सुधारों का प्रमाण है।





### अधोसंरचना विकास के लिए बड़ा निवेश, कोरबा में 1320 मेगावॉट का नया प्लांट

वर्तमान टैरिफ में केपिटल इन्वेस्टमेंट प्लान का भी समावेश है जिसके अंतर्गत ट्रांसमिशन कंपनी के लिए ₹2433 करोड़, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के लिए ₹3977 करोड़ और जनरेशन कंपनी के लिए ₹2992 करोड़ का प्रावधान है। कोरबा में 1320 मेगावॉट के प्लांट की स्थापना का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जिसकी लागत ₹15,800 करोड़ है। इससे छत्तीसगढ़ भविष्य में ऊर्जा-सरप्लस राज्य बनेगा और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

### सौर ऊर्जा की ओर एक कदम: घरेलू उपभोक्ताओं के लिए डबल अनुदान योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट तक के संयंत्रों पर ₹78,000 तक केंद्र सरकार से अतिरिक्त 2 किलोवाट तक के संयंत्रों पर ₹30,000 तक राज्य शासन से अनुदान दिया जाएगा। यह योजना छत्तीसगढ़ के घरेलू उपभोक्ताओं को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल है।

### ऊर्जा के क्षेत्र में 3 लाख करोड़ रुपये के करार, आएगी रोजगार क्रांति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि पॉवर कंपनी/शासन द्वारा 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के करार किए गए हैं, जिससे आने वाले समय में ऊर्जा उत्पादन और रोजगार दोनों के क्षेत्र में क्रांति आएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हमारी प्राथमिकता है कि बिजली उपभोक्ताओं को न केवल निर्बाध आपूर्ति मिले, बल्कि वह गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और टिकाऊ हो। वर्तमान और भावी योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानक स्थापित करेगा।

## सीएम साय ने राज्यपाल डेका का विधानसभा परिसर में किया आत्मीय स्वागत



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शाम यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में राज्यपाल रमेन डेका का पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना महंत सहित विधायकगण उपस्थित थे।

## 'कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते'

### CDS बोले- विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही, स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरुरी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती है।

CDS ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी C-UAS (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके।

CDS ने ये बातें दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में UAV (अनमैंड एरियल व्हीकल) और C-UAS (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) की प्रदर्शनी में कहीं।

CDS बोले- सेना ने ड्रोन्स का क्रांतिकारी इस्तेमाल किया युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा- मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवॉल्यूशनरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है।

## लद्दाख में मिनी बस खाई में गिरी, 2 की मौत

### 8 गंभीर रुप से घायल; 17 यात्री सवार थे, ड्राइवर के कंट्रोल खोने से हादसा हुआ




**नई दिल्ली।** लद्दाख के कारगिल जिले के गुमरी में बुधवार सुबह मिनी बस खाई में गिर गई। हादसे में 2 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अन्य 6 को हल्की चोटें आई हैं। वाहन चालक हादसे में सुरक्षित बच गया है।

मिनी बस में 17 यात्री सवार थे और द्रास की ओर जा रही थी, जब अचानक रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए। उचित स्वच्छता पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन ने आज सुनवाई के दौरान सभी हाईकोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर इस बार रिपोर्ट नहीं आई तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को खुद सुप्रीम कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। यह मामला वकील राजीब कलिता की एक जनहित याचिका से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने अदालतों में टॉयलेट की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'मोर गांव मोर पानी' अभियान पर आधारित पुस्तिका का किया विमोचन, कहा-

# ग्राम पंचायतों की सक्रियता और जनभागीदारी से हो रहे जल संरक्षण प्रयास प्रशंसनीय

**संवाददाता ● रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित अपने कक्ष में 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए इस विशेष अभियान ने जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में अभूतपूर्व चेतना उत्पन्न की है। विमोचन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रमुख सचिव पंचायत श्रीमती निहारिका बारीक, आयुक्त मनरेगा और संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना तारण प्रकाश सिन्हा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायतों की सक्रियता और जनता की स्वप्रेरित भागीदारी के चलते यह अभियान अब एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। लोग स्वेच्छा से जल संरक्षण जैसे पुनीत कार्यों से जुड़ रहे हैं, जो सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि पुस्तिका में राज्य की विभिन्न पंचायतों द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और नवाचारों को संकलित किया गया है, जो अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अभियान के अंतर्गत सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश की 11,000 से अधिक ग्राम पंचायत भवनों की दीवारों पर भूजल स्तर अंकित किया गया है, जिससे लोगों में जल के महत्व को लेकर व्यावहारिक चेतना जागृत हुई है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की भूमिका जल संरक्षण को जन-भागीदारी से जोड़ने में महत्वपूर्ण रही है, और यह चेतना आने वाले समय में और भी व्यापक स्वरूप लेगी।

उल्लेखनीय है कि 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के तहत रैली, दीवार लेखन जैसे माध्यमों से व्यापक स्तर पर जनसामान्य को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील और जागरूक किया गया है। 626 क्लस्टर्स में आयोजित प्रशिक्षणों के माध्यम से 56,000 से अधिक प्रतिभागियों को जल प्रबंधन और संरक्षण के लिए तैयार किया गया है।

अभियान में GIS तकनीक का उपयोग कर जल संरक्षण कार्यों की प्रभावी योजना बनाई जा रही है, जबकि जलदूत ऐप के माध्यम से खुले कुओं का जल स्तर मापा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, परकोलेशन टैंक, अर्दन डैम, डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर जैसे संरचनात्मक उपायों के माध्यम से जल पुनर्भरण और संरक्षण के स्थायी प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों के यह प्रयास छत्तीसगढ़ को जल संरक्षण के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करेंगे।

देश के कृषि एवं ग्रामीण विकास को समर्पित राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के स्वर्णिम 44 वर्ष

# राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, स्थापना दिवस समारोह

संवाददाता ● भोपाल







दिनांक 16 जुलाई 2025 को नाबार्ड, मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल में 44 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समग्र विकास यात्रा में नाबार्ड के 43 वर्षों के महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया गया। कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से 12 जुलाई 1982 को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की स्थापना की गयी थी। 44 वर्ष की इस गौरवशाली विकास यात्रा में नाबार्ड के कार्यकलापों ने कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र में केसीसी से लेकर जल संग्रहण, आदिवासी विकास, ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास, ग्रामीण गोदाम, पैक्स, स्वयं सहायता समूह तथा एफपीओ जैसे कई नवोन्मेषी कार्य किए।

**समारोह**

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री अशोक कुमार बर्णवाल, आईएएस, एसीएस ने कृषि एवं ग्रामीण विकास में नाबार्ड की आवश्यकता पर बल दिया दिया। उन्होंने कहा कि जब अन्य बैंक कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण प्रदान करना जोखिम का कार्य समझते थे तब नीति निर्माताओं ने नाबार्ड की स्थापना की। नाबार्ड ने बैंको को कृषि क्षेत्र में वित्त पोषण हेतु सहज बनाया और उन्हें प्रत्याशित सहयोग प्रदान किया। धीरे-धीरे नाबार्ड के कार्यों में विविधता आई और ग्रामीण विकास के अन्य पहलुओं से संबन्धित परियोजनाएं कार्यान्वित की। आरआइडीएफ के तहत ऋण लेने में राज्य सरकार सहज महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के ग्रामीण विकास में नाबार्ड की भूमिका बहुत ही सकारात्मक रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र में इतनी अच्छी प्रगति नहीं हो पाती यदि नाबार्ड की यह पुनर्वित्त योजना न होती। पैक्स कंप्यूटरीकरण में चुनौतियां हैं किंतु नाबार्ड के सहयोग से हम उसे भी पार कर जाएंगे। उन्होंने कहा की मध्य प्रदेश के विकास में नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है।

श्रीमती सी सरस्वती, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड ने अपने सम्बोधन में नाबार्ड की चार दशकों की गौरवशाली विकास यात्रा के संबंध में अवगत कराया। प्रत्येक दशक में नाबार्ड द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का एक कैनवास प्रस्तुत किया। पहले दशक में जिला विकास प्रबंधक कार्यालय की स्थापना, क्रेडिट प्लानिंग की प्रणाली पर नाबार्ड ने फोकस किया। पुनर्वित और संस्थागत विकास नाबार्ड के प्रमुख कार्य रहे। दूसरे दशक में स्वयं सहायता समूह-बैंक संयोजन कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया गया जिसे सूक्ष्म वित्त के क्षेत्र में क्रान्तिकारी कदम माना जाता है। इसी दशक में किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत भी हुई जिससे किसान गैर संस्थागत उधारियों के जाल में से बाहर निकल पाये। ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि के माध्यम से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास को नए पंख लग गए। लेह जैसी जगहों पर भी अच्छी सड़कें नाबार्ड के आरआईडीएफ़ के परिणाम हैं।

तीसरे दशक में तत्कालीन आवश्यकताओं के अनुसार नाबार्ड ने वित्तीय समावेशन, आजीविका विकास, आदिवासी विकास, वाटरशेड विकास जैसे संधारणीय एवं अनुकरणीय कार्य किये। चौथे दशक में डिजिटलीकरण का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। इसके साथ ही साथ कृषक उत्पादक संगठन/कृषक उत्पादक कंपनियों का संवर्धन नाबार्ड के प्रमुख प्रयासों में से है। इस दौरान जलवायु परिवर्तन और वित्तीय समावेशन पर अधिक फोकस रहा। वर्तमान दशक में नाबार्ड ने पैक्स कंप्यूटरीकरण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । नाबार्ड की स्थापना जिन उद्देश्यों के लिए की गयी थी उससे इतर क्षेत्रों में कार्य के लिये नाबार्ड ने अनुषंगी संस्थान स्थापित किए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की धारा निर्बाध रूप से चलती रहे। नैब संरक्षण, नैब फिन्स, नैब किसान, नैब कॉन्स आदि के माध्यम से उन क्षेत्रों में भी कार्य किया जा रहा है जहाँ प्रत्यक्ष रूप से नाबार्ड कार्य नहीं कर सकता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया नाबार्ड के स्थापना दिवस की शुभकामनायें दीं।

## भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

विशिष्ट अतिथि आरसी बेहेरा, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ने नाबार्ड द्वारा कार्यान्वित सभी परियोजनाओं की सराहना की जिसके माध्यम से कृषि-प्रधान ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। नाबार्ड की अधिकांश योजनाओं में बैंको की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। इस भूमिका का निर्वहन करते हुए मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक ने किसानों, स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों आदि के लिए वित्त पोषण का कार्य किया है। किसानों की आय दोगुना करने में नाबार्ड की परियोजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन जमीन कम हो रही है और आबादी बढ़ रही है। इस बढ़ती हुई आबादी की खाद्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सीमित कृषि भूमि से अधिक कृषि उपज प्राप्त हो सके इस हेतु नाबार्ड के द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार के अध्ययन करवाए जाते हैं जिससे खाद्य आपूर्ति की समस्याओं को हल किया जा सकता है। विवेक कृष्ण पाटिल, सहायक महाप्रबंधक द्वारा नाबार्ड की विकास यात्रा को एक प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसमे स्वयं सहायता समूह, जलवायु परिवर्तन, संस्थागत विकास, कृषि विकास, आदिवासी विकास, वित्तीय साक्षरता, पैक्स कंप्यूटरीकरण, पुनर्वित योजना, पर्यवेक्षीय कार्य, क्रेडिट प्लानिंग, राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी जैसे कार्यों के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि में नाबार्ड के योगदान को दर्शाया गया।

## जीवन में आए बदलावों के बारे में बताया

इस अवसर पर कुछ लाभार्थी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे जिन्होंने नाबार्ड द्वारा कार्यान्वित पहलों के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव किया। उनमें से एक श्री मोती सिंह जी ने अपने जीवन में आए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा उनके पास बंजर जमीन थी जिसमें कोई उपज नहीं होती थी और आय अर्जन के लिए वे शहरों की ओर मज़दूरी के लिए घर-परिवार छोड़कर जाते थे। नाबार्ड द्वारा कार्यान्वित टीडीएफ परियोजना के अंतर्गत विभिन्न फलदार पौधे उनकी जमीन में लगाने के लिए दिए गए। प्रारंभिक आय प्राप्त हो इसे ध्यान में रखते हुए सब्जियों का प्रशिक्षण भी दिया जिससे वे स्वरोजगार हेतु सक्षम हो सके। जो पहले अन्य शहरों में जाकर मजदूरी किया करते थे अब वे अपने घर-परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। सभी लाभार्थियों ने नाबार्ड का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री सलिल झोकरकर, उप महाप्रबंधक ने किया।

## शॉट न्यूज

### पत्नी के बाल पकड़कर सिर दीवार से टकराया

**इंदौर**। विजय नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। विजय नगर पुलिस ने फरियादी सुनीता साहू 38 साल निवासी चित्रा नगर की रिपोर्ट पर पति महेंद्र पिता कैलाश साहू के खिलाफ पुलिस ने मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। सुनीता ने पुलिस को बताया कि वह कल दोपहर अपनी भाभी यशोदा के साथ ससुराल गई थी। जहां महेंद्र ने मुझे देखा और गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। मैंने विरोध किया तो उसने फिल्मी अंदाज में मेरे बाल पकड़ कर घसीटा और भी दीवार से सिर टकरा दिया। सर में खून निकलने लगा तो आरोपी ने धमकी दी कि आइंदा मेरे घर आई तो जान से मार दूंगा बोलकर भाग गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### शल्य क्रिया के जनक महर्षि सुश्रुत की जयंती पर किया याद

**इंदौर**। शासकीय अष्टांग आयुर्वेदिक कालेज में महर्षि सुश्रुतु की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेडिकल कालेज के डीन डॉ अरविन्द घनघोरिया के तत्वावधान में कई व्याख्यान हुए। आचार्य सुश्रुत प्राचीन भारत के महान चिकित्सा शास्त्री और शल्यचिकित्सक रहे। उनको शल्य चिकित्सा का जनक कहा जाता है, इसीलिए पूरे विश्व में 15 जुलाई को विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस मनाया जाता है, जिसके जनक शल्य चिकित्सा के आचार्य सुश्रुत है। प्राचार्य डॉ अजीत पाल सिंह चौहान ने बताया कि इसके लिए पूरा मानव समाज हमेशा उनका ऋणी रहेगा। आज भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में उन्नत सर्जरी हो रही हैं, उनका श्रेय आचार्य सुश्रुत के द्वारा बताए गए सिद्धांतों के द्वारा ही संभव हो पाया है।

### गाड़ी टकराने के विवाद में युवक पर बोतल से हमला

**इंदौर**। लसूड़िया इलाके में एक हफ्ते पहले गाड़ी टकराने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने एक युवक को घेर लिया और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना नरीमन पाइंट रोड पर फरियादी यश राठौर पिता कमल राठौर निवासी 1 मालवीय नगर के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ईशान सौदे निवासी गुलाब बाग, अमर विश्वकर्मा निवासी रोबोट चौराहा और महेश ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आज से 10-12 दिन पहले मेरी गाडी ईशान की गाडी से टकरा गई थी। उसी बात को लेकर वह गालियां देने लगा। मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और कांच की बाटल सिर में मारी जिस सिर में चोट आई। धमकाया कि आज के बाद मिला तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।

# स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन जन जागरण के तहत यात्रियों को किया गया जागरूक

संवाददाता ● भोपाल

मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में ऑपरेशन जन जागरण के अंतर्गत यात्रियों की सुरक्षा एवं सतर्कता को लेकर रेल सुरक्षा बल, पोस्ट विदिशा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

**अभियान**

इस अभियान का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक श्री ए.पी. द्विवेदी द्वारा किया गया, जिनके साथ आरपीएफ स्टाफ ने विदिशा स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें कई महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर जानकारी दी।

यात्रियों को अनावश्यक चेन पुलिंग (ACP) न करने, ट्रेस पासिंग से बचने, बंद रेल फाटकों को पार न करने, रेल गाड़ियों में पत्थर नहीं फेंकने, चलती गाड़ी में चढ़ने-उतरने से बचने तथा ऐसे कृत्यों के दंडनीय होने की जानकारी दी गई। साथ ही यात्रियों को जहरखुरानी, मानव तस्करी, महिला सुरक्षा, और यात्रियों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के संबंध में भी समझाइश दी गई। विशेष रूप से महिला यात्रियों को सतर्क रहने एवं किसी भी



संदिग्ध व्यक्ति या घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने हेतु प्रेरित किया गया। रेल सुरक्षा बल द्वारा यह भी बताया गया कि यदि स्टेशन अथवा ट्रेन में कोई लावारिस बच्चा दिखाई दे, तो उसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दी जाए। वहीं, यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी या सहायता की आवश्यकता होने पर रेल मदद नंबर 139 पर संपर्क करने का आग्रह किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को जागरूक कर रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अपराध-मुक्त बनाना है।

## सीएस एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट (CSEET), जुलाई 2025 सत्र का परिणाम

**नई दिल्ली**। कंपनी सचिव एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट (CSEET), जो 5 जुलाई, 2025 एवं 7 जुलाई, 2025 को आयोजित किया गया था, का परिणाम आज, बुधवार, 16 जुलाई, 2025 को दोपहर 2:00 बजे घोषित किया गया है। यह परिणाम संस्थान की वेबसाइट – www.icsi.edu पर उपलब्ध करा दिया गया है और अभ्यर्थी अपना ई-परिणाम-सह-अंकों का विवरण पत्र (e-Result-cum-Marks Statement) डाउनलोड कर सकते हैं। CSEET जुलाई 2025 में 73.01% अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। अगली CSEET परीक्षा 8 नवम्बर, 2025 (शनिवार) को आयोजित की जाएगी, और इच्छुक अभ्यर्थी इसमें सम्मिलित होने के लिए 15 अक्टूबर, 2025 तक पंजीकरण कर सकते हैं।

# एलएनसीटी विवि भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का भव्य दीक्षांत समारोह संपन्न



संवाददाता ● भोपाल

एलएनसीटी विश्वविद्यालय में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए एक भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षा पूरी कर उपाधियां प्राप्त कीं। यह समारोह वैश्विक शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक शानदार उत्सव था, जिसने भारत को 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। समारोह में युगांडा, सूडान, साउथ अफ्रिका, श्रीलंका, यमन, तंजानिया, केन्या,जिम्बाब्वे, नाइजीरिया, नेपाल सहित कई अफ्रीकी देशों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिन्होंने एलएनसीटी विश्वविद्यालय से पैरामेडिकल, बीसीए,फार्मेसी, इंजीनियरिंग और मास कम्युनिकेशन जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफलता हासिल की। इस अवसर पर इंटरनेशनल एड्मिशन सेल के प्रभारी दमन प्रीत सिंह एवं कमल दीप के साथ विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों और अतिथियों ने छात्रों को संबोधित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि डिग्री केवल एक उपाधि नहीं, बल्कि जीवनभर की जिम्मेदारी है, जो न केवल स्वयं की प्रगति की है, बल्कि समाज और वैश्विक मानवता के प्रति भी है। उन्होंने विदेशी विद्यार्थियों के साहस और समर्पण की सराहना की, जिन्होंने नई संस्कृति और वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का साहसी निर्णय लिया।

विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ नरेंद्र कुमार थापक ने कहा कि आज का युग ज्ञान, संसाधन और डेटा के वैश्विक आदान-प्रदान का है, और हर राष्ट्र के पास कुछ ऐसा है जिसे वह साझा कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से विविधता का सम्मान करने, बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक दृष्टिकोण अपनाने तथा अनुभव से निरंतर सीखने का आग्रह किया। एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ अनुपम चौकसे ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल अकादमिक सफलता का उत्सव था, बल्कि एलएनसीटी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक समावेशिता और वैश्विक एकता के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। विश्वविद्यालय ने सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम ने भोपाल में शिक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत किया है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने शुरू किया IdeationX 2.0,

# देश भर के टॉप 100 बी-स्कूल्स से छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य

संवाददाता ● मुंबई

भारत की सबसे विश्वसनीय जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपने प्रमुख नवाचार कार्यक्रम 'IdeationX 2.0' का दूसरा संस्करण लॉन्च किया है। यह प्लेटफ़ॉर्म युवा प्रतिभाओं को जीवन बीमा उद्योग की वास्तविक चुनौतियों के लिए नवाचार और समाधान तैयार करने का अवसर देता है। दूसरे संस्करण में यह पहल देश के शीर्ष 100 बी-स्कूल्स के प्रतिभाशाली छात्रों को '2047 तक सभी के लिए बीमा' के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। IdeationX की शुरुआत विशेष रूप से बी-स्कूल्स के लिए की गई थी, जिससे उद्योग और देश के भविष्य के बिज़नेस लीडर्स के बीच सहयोग बढ़ाया जा सके। इस बार यह संस्करण पहले से कहीं बड़ा होगा और देशभर के 100 शीर्ष बी-स्कूल्स में 25,000 से अधिक छात्रों तक पहुंचेगा। यह पहल छात्रों को नवाचार के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें जीवन बीमा उद्योग की प्रगति में योगदान करने का अवसर भी देती है।

**लक्ष्य**

इस पहल के तहत, 15 जुलाई 2025 से एसबीआई लाइफ ने कैंपस एंगेजमेंट ड्राइव शुरू की है, जिसमें एनआईएमएनएस, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम कोझिकोड, ज़ेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट भुवनेश्वर समेत प्रमुख बी-स्कूल्स में ऑन-ग्राउंड और वर्चुअल दोनों तरह की गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। https://sbilifeideationx.com/ पर बने माइक्रोसाइट पर देश के टॉप 100 बी-स्कूल्स और कुछ चयनित अंडरग्रेजुएट कॉलेजों के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो सक्रिय है। इस दौरान एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के वरिष्ठ अधिकारी, जैसे ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख श्री रविंद्र शर्मा, छात्रों से सीधे संवाद करेंगे। कंपनी का उद्देश्य कॉलेज स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देना है ताकि ऐसे विचार सामने आएं जो भविष्य में बीमा उद्योग को नई दिशा दे सकें और देश के वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को आगे बढ़ा सकें।

इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रविंद्र शर्मा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस और सीएसआर प्रमुख ने कहाः 'साल-दर-साल व्यावसायिक संस्थाओं की संख्या में वृद्धि के बावजूद, भारत में बीमा की कुल पहुंच 4% से कम है। एसबीआई लाइफ देश में निरंतर बीमा की पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रही है और ऐसे में कंपनी का मानना है कि प्रौद्योगिकी, एआई और नवोन्मेष विकास के प्रमुख कारक तो होंगे ही, लेकिन आइडिएशनएक्स पहल के माध्यम से हम युवाओं द्वारा तैयार विस्तारयोग्य समाधान तैयार करने पर ध्यान दे रहे हैं जो देश के कर्णधार हैं।' उन्होंने आगे कहा, ' IdeationX 2.0 'सभी के लिए बीमा' की विषय-वस्तु के साथ, वास्तव में भारत के प्रतिभाशाली लोगों को प्रेरित कर रहा है, ताकि वे '2047 तक सभी के लिए बीमा' की राष्ट्र की आकांक्षा के लिए विचार, नवोन्मेष और समाधान तैयार कर सकें।

भारत के अग्रणी स्वायत्त संस्थानों की सूची में हुआ शामिल

# शूलिनी विश्वविद्यालय को मिला यूजीसी का कैटेगरी-1 दर्जा

संवाददाता ● भोपाल

शूलिनी विश्वविद्यालय ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज़, जो हिमाचल प्रदेश के सोलन ज़िले में स्थित है, को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने ग्रेडेड ऑटोनॉमी रेगुलेशंस, 2018 के तहत कैटेगरी-1 का दर्जा प्रदान किया है। यह मान्यता अकादमिक उत्कृष्टता का एक बड़ा प्रमाण है और इससे शूलिनी देश के सर्वाधिक स्वायत्त और उच्च प्रदर्शन करने वाले संस्थानों में शामिल हो गया है।

**प्रदान**

यूजीसी की यह घोषणा उसकी 591वीं आयोग बैठक में की गई, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार किया गया। शूलिनी विश्वविद्यालय को यह शीर्ष श्रेणी का दर्जा यूजीसी की निर्धारित कसौटियों को पूरा करने के बाद प्राप्त हुआ है, जिनमें टाइम्स हायर एजुकेशन



वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 500 में बने रहना शामिल है। इस मान्यता के साथ, शूलिनी विश्वविद्यालय को कई अकादमिक और प्रशासनिक स्वतंत्रताएं प्राप्त होंगी। इनमें बिना पूर्व अनुमति के नए पाठ्यक्रम और विभाग शुरू करना, ऑफ-कैम्पस सेंटर स्थापित करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग करना शामिल है। शूलिनी विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा,

'यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि पहली बार में ही हमें शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कैटेगरी-1 का दर्जा प्राप्त हुआ है। इससे अनुसंधान में स्वतंत्रता और अनुदानों की सुविधा बढ़ेगी। मेरा सपना है कि आने वाले दशक में शूलिनी ऑक्सफोर्ड जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाला संस्थान बने। हमारे नेतृत्व में उत्कृष्टता को समर्पित शिक्षाविद् और शोधकर्ता हैं।' प्रो. खोसला ने यह भी कहा कि अब विश्वविद्यालय को वैश्विक शोध उपस्थिति और उद्धरणों (citations) को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

'मैं पूर्ण विश्वास से कहता हूँ कि अगले 10 वर्षों में शूलिनी विश्व की शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में शामिल होगा।' यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, यदि किसी कारणवश विश्वविद्यालय की रैंकिंग या प्रत्यायन (accreditation) में गिरावट आती है, तो उसे 30 दिनों के भीतर यूजीसी को सूचित करना होगा। यदि मानकों में गिरावट बनी रहती है, तो विश्वविद्यालय को निम्न श्रेणी में स्थानांतरित किया जा सकता है और विशेषाधिकार वापस ले लिए जाएंगे। हालांकि, पूर्व में लिए गए निर्णय अपनी अवधि तक मान्य रहेंगे। यूजीसी ने विश्वविद्यालय से अपेक्षा की है कि वह आगामी शैक्षणिक सत्र से मिलने वाले लाभों की जानकारी प्रस्तुत करे और ग्रेडेड ऑटोनॉमी रेगुलेशंस के सभी प्रावधानों का पालन करने का लिखित आश्वासन भी दे। कैटेगरी-1 संस्थानों को ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ODL) के तहत पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति भी प्राप्त होती है, बशर्ते वे संबंधित नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा करें। इसके लिए विश्वविद्यालय को यूजीसी-डीईबी पोर्टल पर पाठ्यक्रम विवरण, सहायक दस्तावेज और एक औपचारिक शपथ-पत्र जमा करना होगा। यह मान्यता न केवल शूलिनी विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि भारत के निजी विश्वविद्यालयों के अंतरराष्ट्रीय मानकों की ओर बढ़ते कदम के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

अमानक और प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

# 6.25 टन प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त 1 लाख का किया स्पॉट फाइन



**संवाददाता ● इंदौर**

**कार्रवाई**

निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देशन में शहर में प्रतिबंधित और अमानक पॉलिथीन के बेचने और स्टोर करने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में झोन क्रमांक 12 अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 लाख रुपये का स्पॉट फाइन किया गया तथा बड़ी मात्रा में अवैध पॉलिथीन जब्त की गई। इस कार्रवाई को अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार अंजाम दिया गया। निगम की टीम द्वारा पंचशील नगर क्षेत्र में स्थित एक गोडाउन पर दबिश दी गई, जहां अमानक स्तर की पॉलिथीन और प्रतिबंधित कैरी बैग्स का संग्रहण किया गया था। जांच में पाया गया कि गोडाउन में कुल 197 बोरों में लगभग 6.25 टन प्रतिबंधित पॉलिथीन संग्रहित थी। गोडाउन मालिक सरवन कालरा द्वारा बताया गया कि उनकी दुकान वेयरहाउस रोड पर स्थित है, लेकिन यह संपूर्ण अवैध पॉलिथीन संग्रह पंचशील नगर के गोडाउन में किया गया था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कालरा पर राशि एक लाख रुपये का स्पॉट फाइन किया गया।

जब्त की गई समस्त सामग्री को नेप्रा प्लांट में जमा किया गया। इस कार्रवाई में झोन 12 के सहायक मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक चेतन जायसवाल, वार्ड 61 के दारोगा राहुल वर्मा, वार्ड 65 और 66 के सहायक दारोगा और अन्य निगम कर्मचारियों की टीम शामिल रही। उल्लेखनीय है कि निगम टीम द्वारा पिछले 3-4 दिनों से गोडाउन पर निगरानी रखी जा रही थी, जहां लगातार अमानक और प्रतिबंधित पॉलिथीन के संग्रहण की जानकारी प्राप्त हो रही थी। जैसे ही आज सुबह गोडाउन खोला गया, टीम ने तत्परता से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जा रही है। अपर आयुक्त ने बताया कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



## शॉट न्यूज

### युवक को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट, 4 हिरासत में, पूछताछ जारी

**इंदौर।** मूसाखेड़ी पेट्रोल पंप के पास घायल हालत में मिले युवक की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। उसके हाथ पैर और पीठ पर चोट के गंभीर निशान मिले। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। चोरी की शंका ने युवक की पिटाई कर हत्या की बात सामने आई हैं। मृतक उपेंद्र ठाकुर शिव दर्शन नगर में रहता था। भतीजे विश्वनाथ ने बताया कि चाचा मजदूरी का काम करते थे। वह हर दिन काम से निकल जाते थे। वे मंगलवार को एक चाय की दुकान के पास घायल पड़े मिले थे। उनके साथ मारपीट की बात सामने आई है। पुलिस मौके पर पहुंची तब पता चला कि उपेंद्र के साथ मारपीट हुई है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। चार बहनों की शादी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि एक ब्रिज की कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूरों ने चोरी की शंका में उमेंद्र की पिटाई की थी। फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं।

### महाकाल दर्शन से लौट रहे ढाबा संचालक की कंटेनर ने ली जा

**इंदौर।** बीती रात धरावरा धाम के पास तेज रफ्तार में दौड़ रहे कंटेनर ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें ढाबा संचालक की मौत हो गई, जबकि उसका कुक घायल हो गया। दोनों महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन गए थे और लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसा धार रोड स्थित धरावरा धाम के पास हुआ। सचिन पिता रमेश चंद्र मालवीय 28 साल निवासी धन्नढ़ अपने कुक चेतन के साथ बाइक से लौट रहा था तभी तेज रफ्तार में दौड़ रहे कंटेनर ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें सचिन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चेतन घायल हो गया। चेतन मूल रूप से राजस्थान का निवासी है और सचिन के ढाबे में कुक का काम करता है। पुलिस ने कंटेनर चालक के मिला एफ प्रकरण दर्ज कर गाड़ी और ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### पत्थर मारकर युवक का सिर फोड़ा

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में आपसी विवाद में आरोपियों ने पत्थर मारकर युवक का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि घायल का नाम अनिकेत पिता राजेंद्र निवासी है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी रूद्रांश सिसोदिया उर्फ कान्हा पिता महेश सिसोदिया पर केस दर्ज किया गया। घटना जनता क्वाटर शिवालय लाईब्रेरी के पास हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मै अपने मोबाइ फोन पर गेम खेल रहा था। वहां आरोपी आया और मेरे से बहस करने लगा। मैंने उसे कहा कि तू अपने घर पर ध्यान दे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसने गालियां दी। मैंने मना किया तो उसने वही पर रखा पत्थर उठा कर मार दिया जिससे सिर पर चोट लग कर खून निकलने लगा।

## अवैध कब्जा और अन्य समस्याएं लेकर पहुंचे लोग



**संवाददाता ● इंदौर**

**समस्या**

कलेक्टर कार्यालय जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया गया। जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, निजी भूमि पर अतिक्रमण, मकान पर किराएदारों का कब्जा, दिव्यांगजन को साइकिल की सहायता आदि से संबंधित आवेदन आए। उक्त आवेदकों की सुनवाई आज अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य और अन्य अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई। जनसुनवाई में गवली पलासिया पंचायत की कुछ महिलाओं ने उनके क्षेत्र में ड्रेनेज की समस्या का आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से वहां डेंगू की आशंका है। उक्त समस्या निराकरण के लिए आवेदन जिला पंचायत को भेजा गया। जनसुनवाई में कई आवेदक मकान पर कब्जे से संबंधित आवेदन लेकर आए, जिनके त्वरित और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही जनसुनवाई में आये पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए उन्हें मध्यस्थता का केंद्र में प्रेषित किया गया है ताकि आपसी सुलह, समझौते से पारिवारिक विवाद आसानी से सुलझ जाए। कुछ ऐसे आवेदक आए जिन्हें इलाज के लिए आर्थिक सहायता चाहिए थी उन्हें रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता दिलाई गई। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

### डाक जीवन बीमा डायरेक्ट एजेंटों के साक्षात्कार होंगे 30 को

**इंदौर।** भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय डाक विभाग में सम्पूर्ण इंदौर जिले में कार्य करने के लिए डायरेक्ट एजेंटो की भर्ती की जाएगी। डायरेक्ट एजेंटो हेतु इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार 30 जुलाई (बुधवार) को सुबह 11.30 बजे से किया जाना है। चयनित उम्मीदवार को आकर्षक इंसेंटिव/कमीशन के आधार पर रखा जायेगा। उम्मीदवार को भारतीय डाक विभाग की योजनाएं जैसे डाक जीवन बीमा (PLI) तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा (RPLI) के व्यवसाय अर्जन के लिए चयनित किया जायेगा। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के बीच होनी चाहिए। साथ ही कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान एवं स्थानीय भाषा का जानता हो। मार्केटिंग और सेल्स का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता 5 दी जायेगी।

### स्नातक-एनसीटीई कोर्स में प्रवेश के लिए अतिरिक्त चरण घोषित

**इंदौर।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक कक्षाओं और एनसीटीई पाठ्यक्रमों (बी.एड.एम.एड. बी.पी.एड.आदि) में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण की घोषणा की है। यह चरण 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। छात्रों के लिए प्रतिदिन दोपहर 3 बजे तक पंजीयन और विकल्प चयन की सुविधा रहेगी। सायं 4 बजे तक हेल्प सेंटर पर दस्तावेजों का सत्यापन होगा और 5 बजे मेरिट सूची जारी की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को 24 घंटे के भीतर प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा,अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जाएगा।बी.एड.एम.एड. बी.पी.एड.एम.पी.एड. जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा है। सीट आवंटन 23 जुलाई को होगा और छात्रों को 23 से 25 जुलाई तक भौतिक सत्यापन करवाना होगा।

लायंस क्लब, रोटरी क्लब का भी रहेगा सहयोग

## ब्रह्माकुमारीज रक्तदान का बनाएगी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड



**संवाददाता ● इंदौर**

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाएगा। संस्थान के देशभर में स्थित छह हजार से अधिक सेवाकेंद्रों पर एकसाथ 22 से 25 अगस्त 2025 के बीच विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर मुख्यालय शांतिवन के दादीजी मीटिंग हाल में बैठक आयोजित की गई।

इसमें अतिरिक्त महासचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने कहा कि रक्तदान महाअभियान में सभी मेडिकल मानकों को फॉलो करते हुए पूरी सावधानी के साथ शिविर लगाए जाएंगे। सभी सेवाकेंद्र ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। वरिष्ठ राजयोगी बीके प्रकाश भाई ने बताया कि नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा रक्तदान महाअभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही देशभर में रक्तदान शिविरों की शुरुआत हो जाएगी। समाज सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके अवतार भाई ने कहा कि इस महाअभियान से जुड़ने के लिए सभी लोगों से अपील करें।

**व्यापक स्तर पर की जा रही हैं तैयारियां**

समाज सेवा प्रभाग के प्रो. ईवी गिरीश ने बताया कि यह रक्तदान शिविर भारत के अलावा नेपाल में स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के सभी सेवा केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। इसमें ब्रह्माकुमार भाई-बहनों के साथ स्थानीय लोग भी भाग लेंगे। पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। जिला स्तर से लेकर बड़े शहरों में सामाजिक संगठन, रोटरी क्लब, लायंस क्लब और ब्लड बैंकों से संपर्क किया जा रहा है। 17 अगस्त को दिल्ली में राष्ट्रीय शुभारंभ होने के बाद देशभर के शहरों में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे।

**ये भी रहे मौजूद**

इस मौके पर मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी लाल, सीए बीके ललित भाई, डॉ. सविता दीदी, बीके बीरेंद्र भाई सहित शांतिवन के सभी डिपार्टमेंट इंचार्ज और वरिष्ठ भाई-बहनें मौजूद रहे।

### लग्जरी गाड़ी खरीदने वाला झांसा देकर फरार

**संवाददाता ● इंदौर**

सांवेर इलाके में युवक के साथ आरोपी ने धोखाधड़ी की और लग्जरी गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने फरियादी अमनताज पिता शरीफ ताज निवासी सांवेर की रिपोर्ट पर आरोपी रोहित पिता अशोक चौहान निवासी सोलसिंदा के खिलाफ केस दर्ज किया। फरियादी अमन ताज ने पुलिस को बताया कि उसने जून 2024 में महिंद्रा शोरूम विजयनगर से महिंद्रा थार गाड़ी फाइनेंस पर खरीदी थी। उसके बाद रोहित मेरी मेडिकल दुकान पर दवाई लेने आता था जिसके कारण मेरी उसे पहचान हो गई थी। अमन के मुताबिक रोहित ने मुझे कहा कि तुम गाड़ी मुझे बेच दो मैं डाउन पेमेंट देता हूं और फाइनेंस की किस्त भरत रहूंगा। इस पर मैंने 1 जून 20 24 को चार लाख रुपए में गाड़ी रोहित को अनुबंध कर बेच दी। रोहित ने मुझे 50 हजार रुपए दिए और गाड़ी लेकर चला गया आज तक उसने किस्त नहीं भरी और ना ही गाड़ी वापस की। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



## सरकारी जमीन पर किए अवैध कब्जे के केस में जांच शुरू

**संवाददाता ● इंदौर**

ग्राम भंवरासला की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। राजेश तिवारी नामक व्यक्ति ने सीएम मानिट पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसने वर्ष 2007 में अपनी पत्नी कीर्ति तिवारी के नाम से सर्वे नंबर 158, 159 और 170 की भूमि नोटरी से खरीदी थी। आरोप है कि इस जमीन पर अरबिंदो हॉस्पिटल के संचालक डॉ. विनोद भंडारी, अनिल पोखरणा, उमेश त्रिवेदी सहित कई लोगों ने कब्जा कर लिया है। शिकायत के आधार पर एसडीएम मल्हारगंज डॉ. निधि वर्मा ने तहसीलदार राकेश सास्तिया को सीमांकन व जांच के निर्देश दिए। तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक माखन चौधरी, अरुण तिवारी और पटवारी प्रदीप चौहान, सुधीर गोस्वामी की टीम गठित कर स्थल निरीक्षण कराया। जांच में सामने आया कि सर्वे नंबर 159 की भूमि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है, जिस पर डॉ. विनोद भंडारी और मंजू भंडारी ने तीन सेट और ब्लॉक बनाकर कब्जा कर लिया है। इसी तरह, सर्वे नंबर 170 की 0.130 हेक्टेयर भूमि जो चारागाह के रूप में दर्ज है, उस पर भी डॉ. भंडारी का कब्जा पाया गया। खसरा नंबर 159/1/2/3/2 (0.052 हेक्टेयर) पर अनिल पोखरणा और 159/1/1/2 (0.042 हेक्टेयर) पर अभय पोखरणा ने टीन शेड लगाकर कब्जा किया है। सर्वे नंबर 158 की भूमि पर जहां चारागाह और गोठान दर्ज है, वहां अब सर्विस रोड बनाई गई है। इन सभी अवैध कब्जों की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। अब प्रशासन कब्जा हटाने की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

बकाया कर वसूली को लेकर इंदौर आरटीओ की सख्ती, लगातार कर रहे कार्रवाई

# 50.73 लाख टैक्स और 3.60 लाख रुपये पेनल्टी की वसूली

**संवाददाता ● इंदौर**

**एक्शन**

परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देशों के पालन में इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा बकाया मोटरयान कर और पेनल्टी की वसूली के लिए व्यापक और सघन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के अंतर्गत विगत 7 दिनों में कुल 50 लाख 73 हजार 152 रुपये का बकाया मोटरयान कर एवं 3 लाख 60 हजार रुपये की पेनल्टी वसूली की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि विगत दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बकाया कर नहीं चुकाने वाले वाहन स्वामियों से मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया।

जिन वाहन स्वामियों से संपर्क नहीं हो पाया, उनके निवास स्थान पर नोटिस पहुंचाया गया। साथ ही जिन वाहन मालिकों ने कर जमा करने से इंकार किया, उनके विरुद्ध वाहन जब्ती की कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान कुल 81 वाहनों से लंबित कर की वसूली की गई। परिवहन विभाग द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि जिन वाहन स्वामियों पर मोटरयान कर बकाया है, वे शीघ्र ही कर जमा करें अन्यथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए जाएंगे।



**उड़नदस्ता की कार्रवाई भी जारी**

इंदौर आरटीओ के परिवहन उड़नदस्ता द्वारा स्कूली वाहनों, लोक परिवहन वाहनों तथा अन्य वाणिज्यिक वाहनों की भी सघन जांच की जा रही है। विगत सप्ताह में 95 से अधिक वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई, जिसके तहत 3 लाख 60 हजार रुपये की पेनल्टी भी वसूली गई। जाँच के दौरान विशेष रुप से ओव्हरलोडिंग, अधिक किराया वसूली, स्पीड गवर्नर की अनुपस्थिति, तथा अधूरे दस्तावेज जैसे मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। स्कूल व कॉलेज वाहनों की भी गहन जांच की गई, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# व्यवस्था पर सवाल



ओडिशा के बालासोर में कॉलेज फैकल्टी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली छात्रा की मौत पूरे सिस्टम की हार है। सरकारी स्तर पर अभी जिस तरह की सक्रियता दिख रही है, अगर वह पहले दिखती, तो शायद इस तरह की नौबत नहीं आती। इस मसले पर राजनीति भी शुरू हो चुकी है, लेकिन जरूरत है ऐसी संवेदनशील प्रणाली की, जहां किसी छात्रा को लाचार होकर ऐसा आत्मघाती कदम न उठाना पड़े। बीएड स्टूडेंट ने अपने हेड ऑफ डिपार्टमेंट की शिकायत प्रिंसिपल से की थी। अब यह तथ्य सामने है कि खुद को आग लगाने से कुछ दिनों पहले भी उसने एक्स (पहले ट्विटर) पर सार्वजनिक रूप से अपनी शिकायत रखते हुए चेताया था कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह जान दे देगी। कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट कमिटी से लेकर प्रिंसिपल तक, वह जहां तक पहुंच सकती थी, गई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि प्रिंसिपल ने पीड़िता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया, क्योंकि उन्हें कॉलेज की 'इमेज' खराब होने की चिंता थी। इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित 'इमेज' की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाया जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है? ओडिशा का नाम पिछले कुछ महीनों में इस तरह की घटनाओं में लगातार आया है। इस साल फरवरी में भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी (KIIT) में बीटेक थर्ड ईयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली थी। वहां भी पीड़िता ने एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और उस केस में भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने लापरवाही बरती, जिससे मामला भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक स्तर तक पहुंच गया था। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने मार्च में विधानसभा में बताया था कि 2020 से फरवरी 2025 के दौरान पूरे राज्य के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में 72 स्टूडेंट्स खुदकुशी कर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर के पीछे वजह थी - मेंटल प्रेशर, उत्पीड़न, पढ़ाई का दबाव, घरेलू परेशानियां, डिप्रेशन वगैरह। UGC की गाइडलाइंस के मुताबिक, हर शैक्षणिक संस्थान में सेक्सुअल हैरेसमेंट की जांच के लिए कमिटी होनी चाहिए। हालांकि यह सबसे शुरुआती जरूरत है। कमिटी तो हो, लेकिन साथ में संवेदनशीलता भी चाहिए - जो स्टूडेंट्स के साथ संवाद और तय समय सीमा के भीतर जांच करे। जांच में दोषी पाए जाने पर उस शख्स को सजा भी मिलनी चाहिए। तभी ऐसे मामलों में इंसाफ हो पाएगा।

# ट्रंप के टैरिफ वार पर जग हंसाई दुनियां से दुश्मनी की नौबत आई

**अफ्रीकी पांच देशों के साथ सम्मेलन में व्यवहार, अनेक आर्थिक मजबूत देशों से व्यवहार सहित अनेक मुद्दों पर दबावतंत्र व दादागिरी का आभास हो रहा है, कि पूरी दुनियाँ से एक तरह से दुश्मनी की ओर पग बढ़ा रहे हैं।**



*– एड. किशन सनमुखदास भावनानीं*
लेखक–कर विशेषज्ञ स्तंभकार
साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक
चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए




वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ जानती है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी फर्स्ट, टैरिफ, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन,गैरकानूनी अप्रवासियों का मुद्दा सहित अनेको वादे किए थे जिन्हें पूरा करने के लिए वह हद से अधिक स्पीड से भिड़ गए हैं, परंतु में जल्दबाजी से कोई भी काम करना हानिकारक हो सकता है, इसपर भारत में कई कहावतें हैं, जैसे जल्दबाजी का काम शैतानी कम, धैर्य रखो सहित अनेकों कहावतें हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि ट्रंप जब से चुनकर आए हैं,अपने चुनावी वादे बहुत जल्दबाज़ी से लागू करने उमड़ पड़े हैं, जबकि मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं के किसी भी काम, वादों, उम्मीदों को पूरा करने धैर्य से व संकल्प के साथ रणनीतिक रूप से काम करने कीजरूरत है, ताकि उसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। मेरे विचार में शायद ट्रंप साहब इस जल्दबाजी में ही काम कर रहे हैं, जिसका सटीक उदाहरण यह है कि जिस तरह वह निर्णय लेकर फिर उन्हें खारिज करना,या उन्हें एक्सटेंशन देना एक बारगेनिंग नीति की और बढ़ रहे हैं, अफ्रीकी पांच देशों के के साथ सम्मेलन में व्यवहार, अनेक आर्थिक मजबूत देशों से व्यवहार सहित अनेक मुद्दों पर दबावतंत्र व दादागिरी का आभास हो रहा है, कि पूरी दुनियाँ से एक तरह से दुश्मनी की ओर पग बढ़ा रहे हैं। क्योंकि वह अपने घरेलू यूरोपीय यूनियन पर भी टैरिफ लगाकर, चीन पर 145 पर्सेंट टैक्स लगाकर फिर पीछे हटना, सभी को टैरिफ का अल्टीमेटम देकर दबाव बनाना उचित नहीं है, इस बात का संयुक्त वक्तव्य ब्रिक्स सम्मेलन में भी दिया गया था। चूँकि ट्रंप जब से राष्ट्रपति बने हैं अपनी नीतियों, बयानों से सुर्खियों में रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के टैरिफ वार पर जग हंसाई- दुनियाँ से दुश्मनी की नौबत आई?-नोबेल शांति पुरस्कार पाने की चांस घटाई? साथियों बात अगर हम 12 जुलाई 2025 को मेक्सिको व यूरोपीय यूनियन पर 30 पेर्सेंट टैरिफ़ 1 अगस्त 2025 से लागू करने की घोषणा करने की करें तो,उन्होंने इस संबंध में मैक्सिको और यूरोपीय संघ को लिखे पत्रों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर करके जानकारी दी।ट्रंप के इस कदम से ट्रेड वॉर के और तीव्र होने की संभावना बढ़ गई है, खासकर ऐसे समय में जब यूरोपीय संघ अपने सहयोगी अमेरिका के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर काम कर रहा है। 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ को अब अमेरिकी बाजारों में भारी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, ट्रंप की यह घोषणा इस सप्ताह की शुरुआत में जापान, साउथ कोरिया, कनाडा और ब्राजील से आने वाले सामानों पर टैरिफ में की गई बढ़ोतरी के बाद आई है।उन्होंने इन देशों से तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है।यूरोपियन यूनियन कमीशन की प्रेसिडेंट ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले पर कहा, यूरोपीय संघ के निर्यात पर 30 परसेंट टैरिफ अटलांटिक के दोनों ओर के व्यवसायों,उपभोक्ताओं और मरीजों को नुकसान पहुंचाएगा।हम 1 अगस्त तक समझौते की दिशा में काम करना जारी रखेंगे,साथ ही, हम 30 पेर्सेंट टैरिफ के इस फैसले पर उचित प्रक्रियात्मक कदम उठाने और यूरोपीय संघ के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं।इस चिट्ठी में कहा गया है कि मजबूत संबंधों के बावजूद, अमेरिका ने मैक्सिको के फेंटेनल संकट से निपटने के लिए उस पर टैरिफ लगाया है, इसके बारे में कहा गया कि यह आंशिक तौर पर मैक्सिको की तरफ से कार्टेल्स को रोकने में असफलता के कारण है,ट्रंप के अनुसार, मेक्सिको मुझे बॉर्डर सुरक्षित करने में मदद कर रहा है,लेकिन इस देश ने जो किया है वह काफी नहीं है,मेक्सिको ने अभी तक उन कार्टेल्सय को नहीं रोका है जो पूरे उत्तरी अमेरिका को नार्को-तस्करी के मैदान में बदलने की कोशिश कर रहे हैं. जाहिर है, मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।अमेरिकी राष्ट्रयपति ट्रंप ने मैक्सिको और यूरोपियन यूनियन (ईयू) पर 30 फीसदी तक टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है, इन देशों पर टैरिफ एक अगस्त से लागू हो जाएगा, इससे पहले ट्रंप ने अमेरिका के सात छोटे व्यापारिक साझेदारों को टैरिफ की चिट्ठी भेजी है जिसमें फिलीपींस, ब्रुनेई, मोल्दोवा, अल्जीरिया, लीबिया, इराक और श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं। साथियों बात अगर हम ब्राजील में दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य पर ट्रंप के नाराजगी वाले बयान की करें तो,एक संयुक्त वक्तव्य में पीएमसहित ब्रिक्स नेताओं ने कहा कि हम एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों के बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं, जो व्यापार को विकृत करते हैं और डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। बयान में "वैश्विक व्यापार में टैरिफ के बढ़ते उपयोग" का भी उल्लेख किया गया। हालांकि इस दौरान नाम नहीं लिया गया, लेकिन सभी जानते हैं कि बात अमेरिका की हो रही है।इसके अलावा ब्रिक्स के साझा बयान में चेतावनी दी गई कि टैरिफ के निरंतर 'अंधाधुंध' उपयोग से वैश्विक व्यापार कम हो सकता है। इसके अलावा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है, तथा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों में अनिश्चितता पैदा हो सकती है, जिससे मौजूदा आर्थिक असमानताएं और बढ़ सकती हैं। तेहरान अब इस संगठन का पूर्ण सदस्य है और यह अपरिहार्य था कि संयुक्त वक्तव्य में इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष और अमेरिका द्वारा उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी का उल्लेख किया गया। अब सवाल ये हैं कि आखिर क्यों ट्रंप ब्रिक्स को निशाना क्यों बना रहा है। इसको लेकर पश्चिम के अर्थशास्त्री और नीति विश्लेषक चाहे जो भी कहें, ऐसा प्रतीत होता है कि यह गुट अपने समर्थक जुटा रहा है और अमेरिका तथा अन्य पारंपरिक शक्तियों के लिए चुनौती के रूप में उभर रहा है। उदाहरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए पसंदीदा मुद्रा के रूप में डॉलर को हटाने की बात करने को बल1 दे रहा है।इसके अलावा नव-विकसित,विकासशील और अल्प-विकसित अर्थव्यवस्थाओं पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के लिए सौदे करते समय शर्तें तय करना कठिन हो गया है।

## विचार

आपको लोगों को यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि आप बदल गए हैं, मेरा मतलब है कि यह स्पष्ट है।
केवल तभी बोलें जब यह चुप्पी को बेहतर बनाने के लिए हो।

● महात्मा गांधी

## चाणक्य



जिस घर में महिलाओं का आदर–सम्मान नहीं होता, वहां कभी भी माता लक्ष्मी का वास नहीं होता। धन–धान्य और सुख–समृद्धि के लिए घर में महिलाओं का मान रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके विपरीत, अहंकार से भरे और धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति हमेशा धन की समस्या से जूझते रहते हैं। इसलिए जीवन में सुख–समृद्धि के लिए परिवार में प्रेम, सम्मान और विश्वास होना आवश्यक है।

● आचार्य चाणक्य

## सुकरात



"जो व्यक्ति खुद पर विश्वास करता है, वह किसी भी चीज को प्राप्त कर सकता है"
अर्थः आत्म–विश्वास सफलता की कुंजी है।

● सुकरात के अनुसार

# Business News

## बुलियन मार्केट

### दोनों मूल्यवान धातुओं में नरमी का रुख

**इंदौर**। स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोने की कीमतों में 400 रुपए प्रति 10 ग्राम की नरमी देखी गई वहीं चांदी की कीमत में 300 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी बाजारों में नरमी का रुख बना होने से स्थानीय बाजार में भी इसका असर देखने को मिला। बुधवार को सोने का 97700 रुपए का भाव रहा वही चांदी 111200 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3336 ऊपर में 3342 नीचे में 3323 चांदी 3795 सेण्ट ऊपर में 3808 नीचे में 3765 नकद में केडबरी 97700 एक दिन पूर्व 98100 आरटीजीएस 99700 सोना 22 कैरेट 91300 जीएसटी सहित चांदी नगद 111200 एक दिन पूर्व 111500 आरटीजीएस में 113000 चांदी टंच 111700 रुपए सिक्का 1230 भारतीय रुपया 85.96 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 97700, आरटीजीएस 99700 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91300 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 111200, आरटीजीएस 113000 और टंच 111700 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1230 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 97800 और रवा 97700 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 111600, टंच 111500 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

# तरबूज मगज में अच्छे माल की कमी के कारण तेजी का रुख

**इंदौर**। सियागंज किराना बाजार में ग्राहकी सामान्य बनी हुई है जिसके चलते अधिकांश जिंसों में घटबढ़ का रुख बना रहा। कारोबारियों का कहना है कि बाजार में कारोबारी हलचल बनी हुई है। बादाम के भावों में नरमी का रुख है जिसके भाव 10 रुपए घटाकर बोले जा रहे हैं। वहीं जायफल में 50 रुपए की तेजी आई है, इसके भाव 650-710 रुपए तक है। इधर खसखस में भी 15 रुपए भाव बढ़ाकर सौदे किए जा रहे हैं। शाहजीरा भी बढ़कर 950-980 रुपए हो गया है। तरबूज मगज में अच्छे माल की कमी के कारण तेजी का रुख है।

**शकर-** 4110-4120 बेस्ट क्वालिटी 4130-4140, गुड़ कटोरा 4600-4700, लड्डू 5200, गिलास 5000-5200 रुपए क्विंटल।

**नारियल-** 120 भरती 2900-2950, 160 भरती 3300-3400, 200 भरती 3650-3700, 250 भरती 3800-3900 रुपए प्रति बोरी।

**खोपरा बाक्स-** 275-300 कट्टे में 260 रुपए प्रति किलो। खोपरा बूरा 4100-6150 रु. प्रति (15 किलो)।

**पूजन सामग्री-** देशी कपूर 700 से 710, पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 सिंदूर (25 किलो) 7450 रुपये। केसर 165 से 175 बेस्ट 190 से 193 रु. प्रति ग्राम।

**फलाहारी-** साबूदाना सच्चामोती एगमार्क (500) 5350, सच्चासाबु एगमार्क (500 ग्राम) 5500 साबूदाना चक्र एगमार्क 5420, गोपाल लूज (25 किलो) 4790, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)-9400 रुपए के भाव बताए गए।

**मसाले-** कालीमिर्च 711 से 715, मिनिमटर 770 से 775, मटरदाना 830 से 835 हल्दी निजामाबाद 170 से 210, हल्दी सांगली 260 से 265 जीरा 255 से 275, मीडियम 265 से 275 बेस्ट 285 से 315, सौंफ मोटी 130 से 145, बेस्ट 185 से 285, एक्सट्रा बेस्ट 340 से 450 बारीक 280 से 350 रुपए के भाव रहे।

### खसखस में 15 रुपए किलो की तेजी



*सूखे मेवे-काजू डब्ल्यू 240 नंबर 950-960, डब्ल्यू 320 830-860, डब्ल्यू 300 नंबर 800 से 815, जेएच 840850, टुकड़ी 780-830, बादाम इंडिपेंडेट 720 से 750, अमेरिकन 770-7890, मोटादाना 880 से 900 टांच 760 से 770, खसखस चालू 950 से 1200, बेस्ट 1300 से 1500, तरबूज मगज 665 से 690, खारक 85 से 95, मीडियम 115 से 145, बेस्ट 165 से 275, किशमिश कंधारी बेस्ट 550 से 650, इंडियन 465-485 बेस्ट 510-525, चारौली 1850 से 1950, बेस्ट 1950 से 2000, मुनक्का 350 से 550, बेस्ट 850 से 925, अंजीर 975 से 1175 बेस्ट 1275 से 1575, मखाना 1175 से 1375 बेस्ट 1475 से 1675 रुपए के भाव रहे।*

## कॉर्पोरेट समाचार

### अब भारतीय बाजार में नहीं बेचा जाएगा पल्सर बाइक को

**नई दिल्ली**। दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने अपनी वेबसाइट से पल्सर एन150 को हटा दिया है, जिससे साफ है कि अब इसे भारतीय बाजार में नहीं बेचा जाएगा। दरअसल, बजाज के 150सीसी सेगमेंट में दो मॉडल थे क्लासिक पल्सर 150 और पल्सर एन150। मई 2025 में कंपनी ने भारत में कुल 15,937 यूनिट 150सीसी पल्सर बेचीं, जबकि मई 2024 में यह आंकड़ा 29,386 यूनिट था। यानी सालाना आधार पर लगभग आधी बिक्री रह गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बिक्री में क्लासिक पल्सर 150 का योगदान ज्यादा रहा और एन150 की कमजोर बिक्री ने इसे हटाने पर मजबूर किया। उधर, 160सीसी पल्सर रेंज में बजाज ने मई में 22,372 यूनिट बेचीं, जिसमें एन160 और एनएस160 शामिल हैं। यह दर्शाता है कि ग्राहक 150सीसी के बजाय 160सीसी सेगमेंट को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। पल्सर एन150 की बात करें तो इसमें 149.68सीसी सिंगल-सिलेंडर एयर-कूल्ड इंजन मिलता था जो 14.3बीएचपी की पावर और 13.5एनएम का टॉर्क जेनरेट करता था।

### रिलायंस ने नेपाल में लांच किया 'कैम्पा' ब्रांड

**नई दिल्ली**। लायंस इंडस्ट्रीज की उपभोक्ता इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड 'कैम्पा' को नेपाल में लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसके लिए नेपाल के एक अग्रणी कारोबारी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। हाल ही में जारी एक संयुक्त बयान में दोनों कंपनियों ने घोषणा की कि यह साझेदारी नेपाल के बाजार में 'कैम्पा' को सफलतापूर्वक स्थापित करने के उद्देश्य से की गई है। इस पहल के माध्यम से रिलायंस नेपाल में अपने उपभोक्ता उत्पादों की उपस्थिति को मजबूत करना चाहती है। आरसीपीएल के कार्यकारी ने कहा कि हम चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी कर नेपाल में प्रवेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि 'कैम्पा' ब्रांड नेपाल के उपभोक्ताओं को ताजगी और बेहतरीन स्वाद प्रदान करेगा। चौधरी ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह साझेदारी हमारी उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले पेय उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।


### मूंग में हल्के मालों का दबाव, भाव नरम

**इंदौर**। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मूंग में हल्के मालों की आवक का दबाव बना होने से मंदी का रुख रहा। वहीं भरपूर उपलब्धि के चलते मूंग में आगे भी तेजी की धारणा नहीं है। मसूर में भी मंदी का रुख बना हुआ है। चने के भाव सुधरे हैं। इधर, मिलों में उड़द मोगर के भाव 100 रुपए क्विंटल घटाकर सौदे किए

**दलहन-**चना काँटा 6150-6200, डंकी चना 5400-5700, विशाल 5900-6000 मसूर 6000-6050, महाराष्ट्र सफेद 6500 महाराष्ट्र लाल 6500-6650, कर्नाटक 6500-6750 तुवर निमारी 6000-6450 मूंग बेस्ट नया 7500-7700, एवरेज 6700-7000, मोगर 6200-6900 उड़द नया गर्मी 6500-7200,उड़द बोल्ड 7400-7600 एवरेज 6200-6500, हल्का उरद 3000-5000 रुपए के भाव रहे।

# टैरिफ में राहत का फायदा: जून में अमेरिका से निर्यात में बढ़ोतरी, 8 अरब डॉलर के पार पहुंचा एक्सपोर्ट

**नई दिल्ली**। विभाग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक जून में अमेरिका को होने वाला वस्तु निर्यात सालाना आधार पर 23.5 प्रतिशत बढ़कर 8.3 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि इस दौरान कुल निर्यात में कमी आई है। 2025 की शुरुआत से अमेरिका को निर्यात 8 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है, जबकि 2024 में यह 6 से 7 अरब डॉलर के बीच था। अमेरिका को होने वाले निर्यात में बढ़ोतरी की मुख्य वजह देश विशेष के मुताबिक शुल्क लगाए जाने के फैसले पर रोक के बाद निर्यातकों द्वारा इस वक्त का इस्तेमाल है। भारत के विक्रेताओं ने 9 जुलाई के पहले मिले 90 दिन वक्त का इस्तेमाल निर्यात के एक बेहतर अवसर के रूप में किया और इसकी वजह से अमेरिका को होने वाला निर्यात बढ़ गया। अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर लगे 26 प्रतिशत शुल्क पर अस्थायी तौर पर लगाई गई रोक के बाद यहां के निर्यातकों पर इस समय 10 प्रतिशत आधार शुल्क है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि जून में व्यापार घाटा कम होकर 4 माह के निचले स्तर 18.78 अरब डॉलर पर आ गया है, क्योंकि इस महीने में आयात और निर्यात दोनों कम हुआ है। पिछले साल जून में व्यापार घाटा 20.84 अरब डॉलर और एक महीने पहले 21.88 अरब डॉलर था। जून महीने में भारत का निर्यात सालाना आधार पर 0.06 प्रतिशत घटकर 35.11 अरब डॉलर रह गया है। खासकर कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में कमी और चल रहे शुल्क युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में दबाव के कारण ऐसा हुआ है। जून में निर्यात न सिर्फ 7 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है, बल्कि एक महीने पहले की तुलना में 9.2 प्रतिशत कम है। जून में आयात 3.7 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रह गया है।



### मेटा ने 1 करोड़ अकाउंट किए बंद

**नई दिल्ली**। डिजिटल कंटेंट से कमाई करने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने फेसबुक पर गैर-मौलिक कंटेंट शेयर करने वाले यूजर्स पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मेटा ने अब तक 1 करोड़ से ज्यादा अकाउंट बंद कर दिए हैं, जिन पर दूसरों के कंटेंट को बिना अनुमति के इस्तेमाल करने का आरोप है। इसके अलावा 5 लाख ऐसे अकाउंट भी हटाए गए हैं, जो स्पैम या नकली गतिविधियों में लिप्त थे। मेटा की नई नीति के तहत अब फेसबुक पर वही कंटेंट मोनेटाइज होगा जो मौलिक और यूजर द्वारा खुद तैयार किया गया हो। जो यूजर बार-बार किसी दूसरे के टेक्स्ट, फोटो या वीडियो को कॉपी कर पोस्ट करेंगे, उनका मोनेटाइजेशन बंद कर दिया जाएगा। साथ ही उनकी पोस्ट की रीच और डिस्ट्रिब्यूशन भी घटा दी जाएगी। कंपनी की कोशिश है कि प्लेटफॉर्म पर केवल असली और रचनात्मक कंटेंट को बढ़ावा दिया जाए। इस दिशा में मेटा ने यूट्यूब की तर्ज पर एक नया सिस्टम भी टेस्ट करना शुरू किया है, जो डुप्लीकेट वीडियो की पहचान करेगा और ऑडियंस को मूल कंटेंट क्रिएटर का लिंक दिखाएगा।

डीजीपी मकवाना ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन और अभियान के पोस्टर का किया विमोचन

# नशा स्वास्थ्य ही नहीं सामाजिक ताने-बाने को भी करता है छिन्न-भिन्न : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नशा एक सामाजिक बुराई है। जो युवाओं, परिवार और समाज की जड़ों को खोखला बना रही है। नशे की जद में आकर कई परिवार उजड़ जाते हैं। नशा नाश की जड़ है, जो न केवल स्वास्थ्य को खत्म करता है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में मंगलवार से 30 जुलाई तक प्रारंभ हुए नशामुक्ति अभियान - 'नशे से दूरी है जरूरी' के शुभारंभ अवसर पर वीडियो संदेश के माध्यम से यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अत्यंत दुःखद है कि युवाओं के बीच नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है। युवा देश का भविष्य हैं, उन्हें इस दलदल से बचाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाने का उद्देश्य न केवल नशे को रोकना है बल्कि समाज में नई चेतना जागृत करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से म.प्र. पुलिस द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने का आहवान किया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने पुलिस मुख्यालय, भोपाल में वृहद नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी-है जरूरी' का शुभारंभ किया।

**अभियान**

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वीडियो संदेश तथा अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया। विशेष पुलिस महानिदेशक सीआईडी पवन श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स के.पी. वेंकटेश्वर, पुलिस महानिरीक्षक एएनओ डॉ. आशीष, पीएसओटू डीजीपी विनीत कपूर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजीव कुमार कंचन और एसओ टू डीजीपी मलय जैन उपस्थित थे। डीजीपी मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव की प्रेरणा से समाज में नशे की प्रवृत्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए यह जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी-है जरूरी' मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन युवाओं को खोखला कर उनके परिवारों को भी बर्बाद कर रहा है। देश एवं प्रदेश के शीर्षस्थ राजनीतिक नेतृत्व भी इस विकराल समस्या से चिंतित एवं इसके निदान के लिये प्रयासरत है। समाज की ये नैतिक जिम्मेदारी है कि नशे के दुष्प्रभावों से विशेषकर किशोर बच्चों और युवाओं को अवगत कराएँ और नशे से दूर रखें। उन्होंने कहा कि 'हमारा है यही संदेश- नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश'। अभियान में उच्च शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगरीय विकास एवं आवास और स्कूल शिक्षा विभागों सहित एनजीओ और धार्मिक संस्थान की सक्रिय सहभागिता रहेगी।



## शिक्षण संस्थानों में भी चलाया जाएगा अभियान

अभियान के दौरान प्रत्येक आयोजन स्थल पर नशामुक्ति से संबंधित 'सेल्फी पॉइंट' बनाए जाएंगे जिससे आमजन की भागीदारी को और प्रोत्साहन मिल सके। नारकोटिक्स से संबंधित शिकायतों और परामर्श के लिए हेल्पलाइन नंबर 1933 एवं 14446 और वेबसाइट https://ncbmanas.gov.in का व्यापक प्रचार किया जाएगा। अभियान में प्रचार सामग्री जैसे कैप्स, रिस्ट बैंड्स, बैजेस, पोस्टर और बैनर भी वितरित किए जाएंगे। प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों के छात्रावासों में 'छात्रावास नशामुक्ति समितियों' का गठन किया जाएगा। अभियान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था, अखिल भारतीय गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, हार्टफुलनेस जैसे सामाजिक व धार्मिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। सामाजिक न्याय एवं एमएसएमई विभाग द्वारा प्रशिक्षित "मास्टर वॉलंटियर्स" नागरिकों व छात्रों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे। "कला पथक दल" द्वारा नुक्कड़ नाटक, गीत, संगीत के माध्यम से भी जनजागरुकता फैलाई जाएगी।

### हर दिन होंगी जागरूकता की गतिविधियां

अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में प्रतिदिन विभिन्न जन-जागरुकता गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी जिनमें स्थानीय रेडियो और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रसारण, सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स का प्रदर्शन और पंपलेट का वितरण शामिल है। प्रिंट मीडिया, बस अड्डों और प्रमुख चौराहों पर डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से वीडियो प्रचार किया जाएगा। सफाई वाहनों पर लगे पीए सिस्टम से नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर हैशटैग #नशे_से_दूरी_है_जरुरी, #Say No To Drugs, #NashamuktMP के माध्यम से व्यापक संदेश भी प्रसारित किए जाएंगे।

## शॉट न्यूज

### चलती क्लास में गिरी स्कूल की छत का प्लास्टर, एक छात्र घायल

**सतना।** मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों की जर्जर होती बिल्डिंगों और लापरवाह व्यवस्था ने एक बार फिर बच्चों की जान को खतरे में डाल दिया है। सतना जिले के नागौद विकासखंड के वीरांगना अवंती बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरवारा में सोमवार दोपहर एक खतरनाक हादसा होते-होते टल गया है। दोपहर करीब 3 बजे कक्षा के दौरान अचानक छत का प्लास्टर गिर पड़ा, जिससे कक्षा 10वीं के छात्र साहिल मोहम्मद को सिर में चोट आई। हादसे के समय कक्षा में कुल 38 छात्र मौजूद थे। प्लास्टर गिरने के साथ ही कमरे में लगा सीलिंग फैन भी लटक गया है, हालांकि उसकी रॉड टूटने से बच गई है। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया है। शिक्षक धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक बच्चों में भगदड़ की स्थिति बन गई थी। घायल छात्र की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### कलेक्टोरेट की छत से कूदने दौड़ी महिला...

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिले में मंगलवार को एक महिला ने कलेक्ट्रेट भवन की छत से कूदकर जान देने की कोशिश की। हाटपिपल्या की रहने वाली आशा बाई जमीन विवाद से परेशान थी। वह जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह को आवेदन देने आई थी। कार्रवाई नहीं होने से गुस्से में आकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने दौड़कर उसे रोक लिया। उस महिला के साथ उसका पति भी था।आशाबाई और उसके पति का कहना है कि उनकी जमीन पर किसी ने फर्जी तरीके से कब्जा कर लिया है। वे कई महीनों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए वह परेशान होकर ऐसा कदम उठाने पर मजबूर हो गई। ADM का कहना है कि महिला दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला द्वारा किया गया प्रयास प्रेशर पॉलिटिक्स से प्रेरित है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी महिला और उसके पति की बात सुन रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### 'पत्नी का दूसरे से अफेयर, इसीलिए दे रहा हूं जान'

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में पत्नी की बेवफाई से परेशान होकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति ने अपनी पत्नी को बहुत समझाने को कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। आरोप है कि पति को परेशान करने के लिए पत्नी ने उस पर झूठा मुकदमा भी दर्ज करवा दिया था। पत्नी की इन्हीं हरकतों से नाराज होकर पति ने अपनी जान दे दी। आत्महत्या से पहले पति ने एक वीडियो भी बनाया था, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए पत्नी, उसके प्रेमी और सास को जिम्मेदार ठहराया है। पूरा मामला उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र का है, जहां ड्राइवर का काम करने वाले तनवीर (38) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह आत्मघाती कदम उठाने के पहले तनवीर ने दो वीडियो बनाए हैं, जिसमें उसने अपनी पत्नी तंजिला, उसके बॉयफ्रेंड सोनू और सास शकील को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

## 5100 किलोमीटर और 35 ज़िलों की यात्रा के बाद STIHL की MP परिवर्तन यात्रा भोपाल में संपन्न



संवाददाता ● भोपाल

खेती में मशीनीकरण के प्रचार और जागरूकता को बढ़ावा देने वाली STIHL की MP परिवर्तन यात्रा आज भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। समापन समारोह में श्रीमती कृष्णा गौर, माननीय मंत्री, और श्री आलोक संजर, पूर्व विधायक, की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्री अनीमेश वाघेला, एमपी एएसएम, एवं भोपाल के STIHL अधिकृत डीलर भी मौजूद रहे। यात्रा के दौरान 5100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई, जिसमें 35 जिलों को शामिल किया गया और 1500 से अधिक किसानों से सीधा संवाद किया गया। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, मशीनीकरण के लाभ और STIHL की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया गया। समारोह में बोलते हुए श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि कृषि में मशीनीकरण किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी जीवनशैली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी सराहा कि आज महिला किसान भी इन आधुनिक मशीनों को अपनाकर खेती को आसान और सशक्त बना रही हैं। STIHL, जो विश्व स्तर पर पावर टूल्स और कृषि उपकरणों का अग्रणी ब्रांड है, ने इस पहल के माध्यम से ग्रामीण सशक्तिकरण और कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। यात्रा में लाइव डेमो, किसान मीटिंग्स और सब-डीलर संवाद शामिल थे, जिससे जानकारी का विस्तार और तकनीक की पहुँच बेहतर हुई। MP परिवर्तन यात्रा ने भारतीय कृषि के भविष्य को मजबूत और उन्नत बनाने की STIHL की प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त किया है।

## मप्र में युवकों के साथ बर्बरता, नंगा कर गुप्तांग पर हमला

**नरसिंहपुर।** जिला के गोटेगांव थाना अंतर्गत आने वाली झौतेश्वर चौकी क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों के साथ बेरहमी से हुए मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही आरोपियों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गयी। मारपीट की घटना में उसी समय एफआईआर दर्ज की जा चुकी है, लेकिन वीडियो में साफ दिख रहा है कि मारपीट के दौरान युवकों को निर्वस्त्र कर उनके गुप्तांग पर भी बर्बरता करते हुआ मारा गया है।

**वीडियो वायरल होने के बाद मचा हंगामा**

वीडियो के सामने आते ही जिले के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना एक माह पुरानी बताई जा रही हैं, लेकिन अब जाकर यह सामने आई है। घटना में शामिल तीन आरोपियों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया गया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस की लापरवाही और ढिलाई को लेकर लोगों में नाराजगी है। वायरल वीडियो के बाद जब मीडिया ने पुलिस से सवाल किए तो एएसपी का कहना था कि "मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था, इसलिए अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई।" अब सवाल यह उठ रहा है कि जब वीडियो में बर्बरता साफ-साफ दिख रही है, तो फिर आरोपियों को अब तक क्यों नहीं पकड़ा गया? क्या प्रशासन किसी दबाव में है या फिर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। एसएसपी संदीप भूरिया ने कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक वीडियो संज्ञान में लाया गया है, यह 15 जून 2025 की घटना बताई जा रही है। इस संबंध में पूर्व में ही 455/25 गोटेगांव थाना में शिकायत दर्ज कर ली गई है। जिसमें तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध है। और अग्रिम विवेचना जारी है।

## मध्य प्रदेश के 23 जिलों में आज और कल भारी बारिश की चेतावनी...

ग्वालियर, खरगोन, सीधी में जमकर बरसे बादल



संवाददाता ● भोपाल

अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से मध्य प्रदेश में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, बुधवार-गुरुवार को रीवा, शहडोल, ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। यानी रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में आज भारी हो सकती है।

**मंगलवार को यहां हुई अच्छी बारिश** – मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक ग्वालियर में 57, खरगोन में 35, सीधी में 26, उमरिया में 14, रायसेन में आठ, मलाजखंड में छह, दतिया में पांच, शिवपुरी में चार, भोपाल में दो, मंडला एवं सागर में एक मिलीमीटर बारिश हुई। शेष इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। बता दें कि इस सीजन में एक जून से 15 जुलाई की सुबह साढ़े आठ बजे तक प्रदेश में 463.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश (270.3 मिमी.) की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि वर्तमान में एक अवदाब का क्षेत्र राजस्थान के मध्य में बना हुआ है। बुधवार तक इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। उत्तरी झारखंड एवं उससे लगे बिहार पर कम दबाव का क्षेत्र बना है। बुधवार को इसके पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ बढ़ने के आसार हैं। मानसून द्रोणिका बीकानेर, उत्तरी राजस्थान के मध्य भाग में बने अवदाब के क्षेत्र से हमीरपुर, उत्तरी झारखंड और उससे लगे बिहार पर बने गहरे कम दबाव के क्षेत्र से कोंटाई से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। अलग-अलग स्थानों पर बनी इन मौसम प्रणालियों के प्रभाव से पूर्वी एवं उत्तरी मध्य प्रदेश के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

**24 घंटे में सीधी, मंडला, खरगोन में हुई अच्छी बारिश** – मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि झारखंड के आसपास बना कम दबाव का क्षेत्र उत्तर प्रदेश की तरफ बढ़ेगा। इस वजह से उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के जिलों में भारी बारिश की संभावना है। उधर पिछले 24 घंटों के दौरान मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सीधी में 70.4, मंडला में 49.7, खरगोन में 35.2, शिवपुरी एवं टीकमगढ़ में 14, खजुराहो में 10 मिलीमीटर बारिश हुई।

AI में भविष्य, पर्यावरण के साथ SBI और IIIT भोपाल के सहयोग से मध्यप्रदेश की पहली

## Green Hi-Tech Computer Lab का ऐतिहासिक उद्घाटन

संवाददाता ● भोपाल

तकनीक, शिक्षा और पर्यावरण के समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश करते हुए भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ककककळ), भोपाल ने एक अद्वितीय पहल करते हुए मध्यप्रदेश की पहली Green Hi-Tech Computer Lab For AI Advance Research' का शुभारंभ किया। यह अभिनव परियोजना SBI भोपाल सर्कल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत साकार हुई है। DMD चंद्रशेखर शर्मा ने किया लोकार्पण, इस ऐतिहासिक अवसर पर SBI भोपाल सर्कल के प्रमुख एवं उप प्रबंध निदेशक (DMD) चंद्रशेखर शर्मा ने संस्थान के निदेशक डॉ. आशुतोष सिंह के साथ मिलकर लैब का उद्घाटन किया। शर्मा जी ने इसे भविष्य की प्रयोगशाला बताते हुए कहा कि 'AI और ग्रीन टेक्नोलॉजी का यह संगम न केवल



तकनीक का विकास करेगा, बल्कि यह समाज के लिए एक दीर्घकालिक निवेश भी है।' इस अवसर पर कुंदन ज्योति, महाप्रबंधक-1, सुधांशु दास, उप महाप्रबंधक, साई कृष्णा श्रीधरा, उप महाप्रबंधक भोपाल मॉड्यूल, एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और IIIT के प्रोफेसर उपस्थित रहे। यह लैब न केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और एडवांस रिसर्च के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त है, बल्कि इसे ग्रीन लैब के रूप में डिज़ाइन पर किया गया है ऊर्जा कुशल कंप्यूटर सिस्टम और हरित विद्युत तंत्र, इको-फ्रेंडली डिज़ाइन एवं न्यूनतम कार्बन फुटप्रिंट, डिजिटल ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर यह लैब छात्रों को न केवल Cutting-edge टेक्नोलॉजी सिखाएगी, बल्कि उन्हें पर्यावरणीय चेतना, सस्टेनेबिलिटी और नवाचार की ज़िम्मेदारी के साथ जोड़ने का कार्य भी करेगी। यह लैब SBI के Platinum Jubilee वर्ष '7 दशक देश के साथ' की प्रतीकात्मक पहल है। यह दिखाता है कि SBI केवल बैंकिंग तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, शिक्षा विस्तार, और प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व को भी समान रूप से निभा रहा है।

भविष्य की प्रयोगशालाः सोच से समाधान तक, प्रयोगशाला की ग्रीन वाल पर अंकित प्रतीक - हाथों पर टिका एक चिप आधारित हरा-भरा वृक्ष - इस बात का सूचक है कि तकनीक जब प्रकृति के साथ चले, तभी वह विकास का वास्तविक मार्ग बनती है।

## एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने अपनी तरह का पहला इंडिया सेक्टर लीडर्स फंड लॉन्च किया

संवाददाता ● मुंबई

ageasFEDERAL LIFE INSURANCE

भारत में निजी क्षेत्र की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने अपनी तरह के पहले इंडिया सेक्टर लीडर्स फंड के लॉन्च की घोषणा की है। ये फंड बिल्कुल अनोखा है, जो निवेशकों को मध्यम से लंबी अवधि के निवेश के साथ घरेलू इक्विटी में निवेश करने का अवसर देता है। इस लॉन्च के साथ, कंपनी अपने ग्राहकों को इस तरह का फंड उपलब्ध कराने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी बन गई है। यह फंड 10 के फ्लैट नेट एसेट वैल्यू (NAV) पर लॉन्च किया जा रहा है, जो 14 जुलाई से शुरू हो रहे न्यू फंड ऑफर (NFO) के दौरान सीमित अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा। इस फंड का उद्देश्य बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स के प्रमुख शेयरों में निवेश करके बेहतर रिटर्न देना है। इस लॉन्च के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए, एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस के चीफ़ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, श्री अतुल श्रीवास्तव ने कहा, 'एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस में, हम निवेश के ऐसे बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने के इरादे पर अटल हैं, जो निवेशकों के निजी आर्थिक लक्ष्यों को लंबे समय में भारत की आर्थिक प्रगति के साथ जोड़ते हैं। इंडिया सेक्टर लीडर्स फंड सिर्फ़ एक फंड से कहीं बढ़कर है— यह निवेशकों को अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर और पूरे आत्मविश्वास के साथ निवेश करने का अवसर देता है। हम आज के निवेशकों को भारत के विकास की कहानी में अहम योगदान देने के अवसर प्रदान कर रहे हैं। इससे जाहिर होता है कि हम इनोवेशन के साथ-साथ ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने और मजबूत वित्तीय समाधानों की पेशकश करने के अपने संकल्प पर कायम हैं।

अब छह के बजाए वसूले जाएंगे 10 रुपये

# सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल हुआ महंगा...

संवाददाता ● भोपाल

शहर में संचालित होने वाले सशुल्क सार्वजनिक शौचालय का शुल्क महंगा हो गया है। अब यहां जाने पर नागरिकों को छह के बजाए 10 रुपये देने होंगे। इसकी मंजूरी मंगलवार को महापौर मालती राय की अध्यक्षता वाली मेयर इन काउंसिल ने दे दी है। बैठक में इसके अलावा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर सहित नीलबड़, संजीव नगर, मालीखेड़ी और प्रेमपुरा पर 25 करोड़ आठ लाख रुपये की लागत से नए विसर्जन घाट विकसित किए जाएंगे। परम्परागत पुराने विसर्जन घाटों पर एनजीटी की रोक के बाद नगर निगम ने यह जगह चिन्हित की हैं । वहीं बड़ा तालाब और कलियासोत डैम से जुड़े नालों की टेपिंग होगी। मंगलवार को आइएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय में मेयर इन कौंसिल की बैठक आयोजित की गई। एमआइसी के सामने करीब 15 प्रस्ताव रखे गए। सभी प्रस्तावों पर मेंबरों ने चर्चा कर पास कर दिए।

**बैठक**




### बड़ा तालाब और कलियासोत डेम का होगा उद्धार

अमृत 2.0 में कलियासोत नदी के रिज्युवेशन कार्य के लिए 36.68 करोड़ के टेंडर बुलाने की मंजूरी दी गई । इसी तरह अमृत 2.0 में बड़ा तालाब के रिज्युवनेशन कार्य के लिए 14.91 करोड़ के टेंडर बुलाने की मंजूरी दी। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक कलियासोत डेम में गर्मी के मौसम में पानी खत्म हो जाता है। इसमें पानी स्टोर रहे, इसके लिए स्टाप डेम बनाए जाएंगे। वहीं स्पॉट डेम में शुद्ध पानी रहे, इसके लिए आसपास बाउंड्री बनेगी। इसी तरह बड़ा तालाब में मिल रहे नालों की टेपिंग होगी। नालों के गंदी पानी को एसटीपी की तरफ मोड़ा जाएगा।

**यह प्रोजेक्ट एक मई 2025 को पूरा करना था** – ज्यादातर एचएफए के अधूरे प्रोजेक्ट के प्रस्ताव लाए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम समरधा में आवासीय सह व्यवसायिक काम्पलेक्स के बैलेंस वर्क को पूरा करने के लिए 14 करोड़ 11 लाख के टेंडर बुलाने की मंजूरी दी गई। जबकि कलखेड़ा प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मेसर्स एस्कान इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को 31 दिसंबर तक का एक्सटेंशन दिया गया है। फर्म को यह प्रोजेक्ट एक मई 2025 को पूरा करना था।

**नॉन स्लम EWS के लिए 26 आवंटियों को मंजूरी** – वहीं भौंरी, कलखेड़ा, बागमुगालिया फेस-एक, हिनोतिया आलम और रासलाखेड़ी प्रोजेक्ट में नॉन स्लम EWS के लिए 26 आवंटियों को मंजूरी दी गई। आलम नगर प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मेसर्स सांई कंस्ट्रक्शन को 15 दिसंबर तक का एक्सटेंशन। यह प्रोजेक्ट 16 जून 2025 को पूरा होना था। इसी तरह रासलाखेड़ी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मेसर्स पैराडाइज को 31 दिसंबर तक का एक्सटेंशन। यह प्रोजेक्ट 14 अप्रैल 2025 को पूरा होना था।

# कियारा-सिद्धार्थ बने पैरेंट्स

## घर में गूंजी नन्ही परी की किलकारियां



बॉलीवुड के गलियारों में एक बार फिर से किलकारियां गूंज उठी हैं। करण जौहर के दो स्टूडेंट्स आलिया भट्ट और वरुण धवन के बाद अब सिद्धार्थ मल्होत्रा भी पिता बन गए हैं। 7 फरवरी 2023 को शादी के बंधन में बंधे सिद्धार्थ कियारा ने पांच महीने पहले एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की खबर सुनाई थी। अब हाल ही में 15 जुलाई 2025 को बॉलीवुड के सबसे लवेबल कपल ने अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। कियारा आडवाणी ने बेटी को जन्म दिया है, जिसके बाद उन्हें बॉलीवुड से लेकर फैंस हर कोई बधाई दे रहा है। कियारा को डिलीवरी डेट से दो दिन पहले मुंबई के मुंबई के गिरगांव इलाके में स्थित एचएन रिलायंस अस्पताल में एडमिट करवाया गया था। हिंदुस्तान टाइम्स की एक खबर के मुताबिक, कियारा आडवाणी की नॉर्मल डिलीवरी हुई है और मां और बच्चा दोनों हेल्दी हुए हैं। आपको बता दें कि इससे पहले 28 फरवरी को कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें उन्होंने बेबी के शूज की फोटो शेयर की थी। इस पोस्ट के साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'हमारी जिंदगी का सबसे बेहतरीन गिफ्ट..जल्द आ रहा है'। सिद्धार्थ भले ही अपनी फिल्मों में कितने भी बिजी रहे हो, लेकिन इस बीच वह कियारा आडवाणी को रूटीन चेकअप के के लिए खुद ही क्लिनिक ले जाते हुए नजर आए। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की लव स्टोरी की बात करें तो, उनके प्यार की कहानी बिल्कुल फिल्मी है। इस कपल की पहली मुलाकात एक पार्टी में हुई थी। ऐसा कहा जाता है कि इन्हें मिलवाने में भी करण जौहर का बड़ा हाथ रहा। हालांकि, प्यार की कहानी की शुरुआत फिल्म शेरशाह के सेट से हुई, जब दोनों अपनी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। फिल्म को सफलता भी मिली और दोनों की केमिस्ट्री ने सबका दिल जीत लिया। हालांकि, कोर्टशिप पीरियड के दौरान इस कपल ने अपनी लव स्टोरी को दुनियाभर से छुपाकर रखा। उन्होंने धूमधाम से राजस्थान, जैसलमेर में इंटीमेट वेडिंग की, जिसमें उनके करीबी दोस्त और परिवार वाले ही शामिल हुए थे।

# बॉलीवुड में कैजुअल सेक्सिज्म पर कोंकणा सेन ने तोड़ी चुप्पी

### कहा- 'आपको हर बार खुलकर बोलना चाहिए'


बॉलीवुड एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा फिल्म इंडस्ट्री में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। अपने करियर में एक्ट्रेस ने कई शानदार फिल्में दी हैं। इन दिनों कोंकणा अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अनुराग बसु की इस फिल्म में कोंकणा ने अपनी एक्टिंग से एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीता है। इसी बीच अब कोंकणा अपने एक इंटरव्यू को लेकर चर्चा में आई हैं। कोंकणा ने अपने इंटरव्यू में बॉलीवुड को लेकर खुलकर बात की है। साथ ही कैजुअल सेक्सिज्म पर कुछ ऐसा कहा जिसकी अब सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। कोंकणा सेन शर्मा ने हाल ही में को दिया है। इस इंटरव्यू के दौरान कोंकणा सेन शर्मा ने कई मुद्दों पर खुलकर बात की। इस इंटरव्यू के दौरान कोंकणा ने कैजुअल सेक्सिज्म को लेकर खुलकर बात की। कोंकणा से जब कैजुअल सेक्सिज्म को लेकर सवाल किया गया तब एक्ट्रेस ने बेझिझक इस पर खुलकर जवाब दिया।

# रणवीर की 'डॉन 3' से बाहर हुए विक्रांत ?



फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'डॉन 3' का इंतजार पूरा देश कर रहा है। इस फिल्म में रणवीर सिंह डॉन बने नजर आने वाले हैं। वहीं विक्रांत मैसी को लेकर खबर थी कि वो सबसे बड़े विलेन के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन अब इस फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत ने खुद को इस प्रोजेक्ट्स बाहर कर लिया है। मतलब अब वो फरहान अख्तर की डॉन 3 का हिस्सा नहीं होंगे।0 फरहान अख्तर की फिल्म में विक्रांत के स्मार्ट, चालाक स्कैमर का किरदार निभाने वाले थे। इस किरदार के लिए उन्हें मुश्किल ट्रेनिंग से गुजरना था, जो वो करने वाले थे। लेकिन अब एक्टर ने ये फिल्म छोड़ दी है। सूत्रों के मुताबिक, विक्रांत को अपने किरदार में गहराई की कमी महसूस हुई। एक्टर के मुताबिक ये किरदार उनके हिसाब से उतना गहराई वाला नहीं है। 'डॉन 3' के साथ यह पहला मौका नहीं है जब किसी स्टार का हटना मेकर्स के लिए चुनौती बना हो। इससे पहले कियारा आडवाणी ने अपनी प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म छोड़ दी थी, जिसके बाद उनकी जगह कृति सेनन को लिया गया। अब विक्रांत का नाम हटने से एक बार फिर फिल्म की कास्टिंग में बदलाव किया जा सकता है। विक्रांत की जगह विजय देवरकोंडा और आदित्य रॉय कपूर जैसे एक्टर्स से बात की जा रही है। लेकिन फिलहाल इस किरदार को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं है। फिल्म 'डॉन 3' जनवरी 2026 से शूटिंग शुरू करने जा रही है। फरहान अख्तर और रणवीर ने डॉन की ऑडियंस को ये वादा किया है कि वो उन्हें निराश नहीं करेंगे। ऐसे में एक्टर को इस किरदार में देखना दिलचस्प होगा।

# 'सुपरमैन' से काटा गया 33 सेकंड का किसिंग सीन



चुप, 'स्कैम 1992' और 'द फैमिली मैन' फेम श्रेया धनवंतरी ने 'सुपरमैन' फिल्म से किसिंग सीन हटाने पर नाराजगी जताई है। श्रेया ने CBFC यानी सेंसर बोर्ड पर अपना गुस्सा उतारा है। उनके मुताबिक बोर्ड के इन बेतुके फैसलों से फिल्म का एक्सपीरियंस खराब होता है। वो मानती हैं कि ऐसा करना बिल्कुल गलत है। दरअसल, हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' को भारत में रिलीज किए जाने से पहले, एक 33 सेकंड के किसिंग सीन को सेंसर बोर्ड ने फिल्म से हटा दिया। इस फैसले को श्रेया ने गलत बताया और कहा कि इससे दर्शकों का सिनेमा देखने का अनुभव खराब होता है। दर्शकों को खुद तय करने की आजादी होनी चाहिए कि वो क्या देखना चाहते हैं। 11 जुलाई की शाम श्रेया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक न्यूज हेडलाइन शेयर की, जिसमें लिखा था, 'CBFC ने 33 सेकंड लंबा किसिंग सीन डिलीट किया क्योंकि वो बहुत सेंशुअल था।'' श्रेया को ये रास नहीं आया। इस पर रिएक्ट करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा- वो चाहते हैं कि हम थिएटर में जाकर फिल्म देखें, पाइरेसी न करें। लेकिन फिर थिएटर का अनुभव इतना खराब क्यों बना देते हैं? हमें खुद तय करने दो कि हम क्या देखना चाहते हैं! हमें अपने समय और पैसे का इस्तेमाल कैसे करना है, ये हमें तय करने दो। श्रेया ने आगे लिखा कि- ये कितना बेतुका है! फिर वो दर्शकों को दोष देते हैं कि लोग थिएटर क्यों नहीं जाते और फिर हैरान होते हैं कि लोग ओटीटी और टीवी पर औसत कंटेंट क्यों देखते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि आप बाकी ऑप्शन्स को असहनीय बना रहे हैं। सिनेमा हॉल फिल्म देखने का सबसे अच्छा तरीका है। आप हमें बच्चों की तरह ट्रीट करके इस अनुभव को मार रहे हैं। श्रेया की बातों से यूजर्स भी सहमति जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि ये बात सही है कि सेंसर बोर्ड की फिल्मों में हद से ज्यादा दखलअंदाजी फिल्म का सही मूड ही बिगाड़ देती है। वहीं कई और ने लिखा कि आखिर एक किसिंग सीन क्यों हटाया गया, जबकि दूसरा छोड़ दिया गया। 9 जुलाई को सुपरमैन के प्रीमियर में मौजूद दर्शक भी इस कट को देखकर परेशान और कन्फ्यूज थे।


# अंतरिक्ष से वापस धरती पर लौटे शुभांशु शुक्ला, रकुल प्रीत सिंह ने दी बधाई



अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) यात्रा के बाद धरती पर वापस लौट आए हैं। देशभर के लोग उनके सही-सलामत वापस लौटने की प्रार्थना कर रहे थे। ये शुभांशु की पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम मिशन 4 (Ax-4) का हिस्सा थी। शुभांशु शुक्ला के आगमन पर देशभर में जश्न का माहौल है। नेता-अभिनेता सभी उन्हें उनके अद्भुत मिशन के लिए बधाई दे रहे हैं। भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया है। 25 जून को वो 3 अन्य अंतरिक्ष यात्रियों अंतरिक्ष यात्रा पर निकले थे। वो किंग खान की मूवी स्वेदश का गाना 'यूं ही चला चल राही' सुनते हुए अपना मिशन पूरा करने गए थे। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में पहुंचने के बाद स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय हैं। वहीं राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। शुभांशु की सक्सेस पर बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने उन्हें बधाई दी है। एक इंस्टा स्टोरी शेयर कर रकुल ने लिखा- क्या शानदार पल है! ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और पूरी एक्सिओम-4 टीम को सफलतापूर्वक लौटने की बधाई। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है और हमारे अंतरिक्ष सपनों की ओर एक बहुत बड़ा कदम है। शुभांशु ने स्पेसक्राफ्ट से देशवासियों को एक मैसेज दिया था।

# अर्चना पूरन सिंह के बेटे ने खुलेआम किया प्यार का इजहार

### द केरल स्टोरी' फेम एक्ट्रेस को कर रहे डेट



कपिल शर्मा शो में बतौर जज नजर आने वाली अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ सोशल मीडया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके साथ ही उनके बेटे आर्यमन भी यूट्यूब पर रेग्युलर व्लॉग के जरिए अपने फैंस के साथ जुड़े रहते हैं। अब हाल ही में आर्यमन ने अपने व्लॉग पर कुछ ऐसा शेयर कर दिया जिससे देखकर उनके फैंस खुश भी हुए और हैरान भी। अर्चना पूरन सिंह के बेटे आर्यमान ने हाल ही में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है और तब से फैंस का मनोरंजन कर रहे हैं। घर के दौरे से लेकर परिवार के साथ मस्ती करने तक, आर्यमान सब कुछ अपने फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। लेकिन हाल ही में पोस्ट खास था क्योंकि इसमें आर्यमन ने अपनी गर्लफ्रेंड योगिता बिहानी के साथ अपने रिश्ते की घोषणा की. योगिता बॉलीवुड फिल्म द केरल स्टोरी में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती है। व्लॉग में आर्यमान अपनी गर्लफ्रेंड योगिता से मिलते हैं, तो वह हैरान रह जाती है और कहती है कि उसे शूटिंग लोकेशन पर आर्यमान के आने की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी। बाद में, आर्यमान बताते हैं कि वे उनके लिए फूल और कुछ तोहफे लाए हैं।

अपने बॉयफ्रेंड आर्यमान से मिलकर योगिता अपने आंसू नहीं रोक पाई। उन्होंने बताया कि वह पिछले कुछ समय से आर्यमन को बहुत याद कर रही थी और आखिरकार उन्हें अपने पास पाकर वह खुश भी है और थोड़ी इमोशनल भी। आर्यमन ने बताया कि योगिता ने आखिरकार उन्हें अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने की इजाजत दे दी है। आर्यमान बताते हैं कि वह अपनी ज़िंदगी का सबसे अच्छा समय बिता रहे हैं। पानी पूरी डेट से लेकर साथ में मजेदार गेम्स खेलने, शॉपिंग करने और भी बहुत कुछ, इस कपल ने अपने मजेदार पलों को अपने चाहने वालों के साथ शेयर किया। इसके बाद वे डिनर डेट पर गए और बताया कि उन्हें कितना मजा आ रहा है। आर्यमान कहते हैं, 'मैं अपनी गर्लफ्रेंड के साथ एक शानदार डेट एन्जॉय करने जा रहा हूं और ये सारे पल व्लॉग के लिए नहीं होते, इसलिए मैं व्लॉग यहीं खत्म करता हूं'।

# विद्या बालन का शॉकिंग ट्रांसफॉर्मेशन, घटाया वजन!

## शॉर्ट हेयर-बॉडीकॉन ड्रेस में लगीं किलर



बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन अपने नए लुक से खूब सुर्खियां बटोरी रही हैं। इस बार तो उन्होंने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से सभी को चौंका दिया है। विद्या ने हाल ही में एक मैगजीन के कवर शूट के लिए नया हेयरस्टाइल अपनाया और बेहद खूबसूरती से अपने जलवा बिखेरती नजर आईं। लेटेस्ट फोटोशूट को विद्या ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया जहां वो बॉडीकॉन ड्रेस में डैजल करती दिखीं। इसे देख फैंस एक्ट्रेस के दीवाने हो गए। एक तस्वीर में विद्या रेड-पिंक कलर के फर गाउन में, शॉर्ट ब्राउन बालों और लाइट ज्वेलरी पहने दिखाई दे रही हैं। वहीं दूसरी फोटो में एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का गाउन पहना है, साथ ही एक लॉन्ग वेल भी कैरी की है। विद्या का लुक ज्यादा चर्चा में उनके वेट लॉस को लेकर भी बना हुआ है। एक्ट्रेस लंबे समय बाद किसी मॉडर्न लुक में दिखाई दी हैं। फीमेल लीड किरदारों को लेकर भी बात की और कहा कि- औरतों की कहानियां स्क्रीन पर बदल रही हैं, क्योंकि असल जिंदगी में भी औरतें धीरे-धीरे और मजबूती से अपना रास्ता खुद बना रही हैं। यही बात अब फिल्मों में भी दिखाई दे रही है। 'मैं सही समय पर सही जगह थी, लेकिन इससे भी ज्यादा अहम बात ये है कि मैंने अपने सामने आए हर मौके का पूरा फायदा उठाया, क्योंकि मुझे हमेशा से काम करने की बहुत तेज भूख रही है। मुझे वाकई अपने काम से प्यार है। मुझे लगता है कि हर दिन ये सपना जीना एक वरदान है। आज भी, जब मैंने ये सफर शुरू किए 20 साल बीत चुके हैं, मुझे अपने काम को लेकर उतनी ही उत्सुकता और खुशी है। विद्या की फोटोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई उनके बदले लुक से लेकर वेट लॉस तक की तारीफ कर रहा है। कई लोगों ने कहा कि विद्या अपनी असली उम्र से कहीं ज्यादा यंग दिख रही हैं। वहीं किसी ने लिखा- वाह, विद्या बहुत खूबसूरत लग रही हैं। एक और फैन ने कहा- शानदार!! प्लीज आगे भी ऐसे स्टाइल्स ट्राय करें। कई यूजर्स ने लिखा कि विद्या हमेशा भीड़ से अलग कुछ कर जाती हैं। ये सच में लोगों के लिए इंस्पिरेशन हैं। विद्या के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार 2024 की हिट फिल्म 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित के साथ नजर आई थीं।

# टाइगर को हुआ इस बात का अफसोस



इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों की लिस्ट में बागी 4 का नाम भी शामिल किया जाता है। टाइगर श्रॉफ की यह हिट फ्रेंचाइजी फिल्म है, जिसके अपकमिंग पार्ट का सभी को बेसब्री से इंतजार है। अभिनेता ने अब खुद फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट फैंस के साथ शेयर किया है, क्योंकि लंबे समय से इसका टीजर रिलीज नहीं हुआ है, जिसके जून महीने में रिलीज होने की संभावना थी। बागी 4 सितंबर में रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन प्रशंसकों को अभी तक इसका पहला प्रोमो देखने को नहीं मिला है। खैर, अब खुद टाइगर श्रॉफ ने पोस्ट शेयर कर फैंस को प्रोमो के जल्द रिलजी होने का विश्वास दिलवाया है। दरअसल, टाइगर श्रॉफ ने एक पोस्टर शेयर किया है। इसमें वह कैलेंडर की ओर देखते हुए खड़े नजर आए। इसमें जून के कॉलम में जुलाई में टीजर लिखा हुआ है। इसके साथ ही, पोस्टर पर लिखा नजर आया कि बागी 4 कहां हैं। एक अन्य टेक्सट में लिखा गया कि प्रशंसक ट्रेलर के हकदार हैं, ना की खामोशी के। टीजर को जल्द से जल्द यूट्यूब पर रिलीज करो।' अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने इस पोस्ट के कैप्शन में लोगों से माफी मांगी। इतना ही नहीं, उन्होंने बागी 4 का टीजर जल्द रिलीज करने का वादा भी किया है। एक्टर ने लिखा, 'प्यारे फैंस, आप सबको इंतजार कराने के लिए मुझे बहुत अफसोस है। मैं रोजाना आपके मैसेज और पोस्ट देख रहा हूं। यकीन मानिए, मैं खुद आपके साथ फिल्म से जुड़ा अपडेट शेयर करने के लिए एक्साइटेड हूं। मैं आपको इस बात का भरोसा दिलाता हूं कि इंतजार खराब नहीं जाएगा। मैं जल्द ही

# ICC रैंकिंग : विराट के तीनों फॉर्मेट में 900+ पॉइंट्स

## ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर; टी-20 में बेस्ट पॉइंट्स 897 से 909 हुए

एजेंसी ● नई दिल्ली

**ICC ने बुधवार को टी-20 रैंकिंग सिस्टम को अपडेट किया। इसी के साथ इस फॉर्मेट से 2024 में रिटायर हो चुके विराट कोहली ने अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। वे तीनों फॉर्मेट में 900 से ज्यादा रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेट बन गए।**

टी-20 में विराट के बेस्ट रेटिंग पॉइंट्स 897 थे, जो अब बढ़कर 909 हो गए। यह पॉइंट्स उन्होंने 2014 में हासिल किए थे, जो रैंकिंग सिस्टम अपडेट होने के बाद बढ़ गए। विराट टेस्ट में 937 और वनडे में 909 रेटिंग पॉइंट्स 2018 में ही हासिल कर चुके हैं। विराट ने इसी साल में 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। उन्होंने वनडे से संन्यास नहीं लिया, जिसकी बैटिंग रैंकिंग में वे फिलहाल चौथे नंबर पर हैं। टी-20 इतिहास की तीसरी बेस्ट रेटिंग हासिल की 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन बनाए। टीम को जीत मिली, जिसके बाद विराट ने टी-20 से संन्यास ले लिया। ICC हर साल अपने रैंकिंग सिस्टम में कुछ बदलाव करता है। इससे कई प्लेयर्स की रैंकिंग में हल्का चेंज आता है। इसी से विराट के पॉइंट्स 897 से बढ़कर 909 हो गए, जिससे उनके नाम सबसे छोटे फॉर्मेट में भी 900 प्लस रेटिंग पॉइंट्स का रिकॉर्ड बन गया। विराट के 897 रेटिंग पॉइंट्स 7 सितंबर 2014 को हुए थे। कोहली इस फॉर्मेट में लगातार 1202 दिन तक नंबर-1 बैटर भी रह चुके हैं। 909 पॉइंट्स हासिल करने के बाद वे टी-20 इतिहास में बेस्ट रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने वाले तीसरे बैटर बन गए। इंग्लैंड के डेविड मलान 919 पॉइंट्स के साथ पहले और भारत के ही सूर्यकुमार यादव 912 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। 2018 में तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर-1 बने थे विराट कोहली 2018 में पहली बार टेस्ट फॉर्मेट में



नंबर-1 बैटर बने थे। तब उन्होंने इंग्लैंड में 593 रन बनाए थे। इस दौरे के बाद विराट 937 पॉइंट्स के साथ नंबर-1 टेस्ट बैटर बन गए थे। इसी दौरान विराट के वनडे में भी 909 रेटिंग पॉइंट्स हो गए थे। 2018 में अपने बेस्ट फॉर्म के दौरान विराट ने तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक बैटर रहने का रिकॉर्ड भी बना लिया था। कोहली के अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ही एक समय पर तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बैटर रह चुके हैं। इन 2 के अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और भारत के जसप्रीत बुमराह ही तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 प्लेयर बन सके। हालांकि, हेडन और बुमराह अलग-अलग समय पर तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 प्लेयर बने। क्या दुनिया के बेस्ट ऑल फॉर्मेट प्लेयर हैं विराट? टी-20 रैंकिंग अपडेट के बाद एक सवाल फिर खड़ा हो गया कि क्या विराट कोहली दुनिया के बेस्ट ऑल फॉर्मेट प्लेयर हैं? आंकड़ों में इस बात का जवाब ढूंढें तो विराट ने वनडे में 14181, टी-20 में 4188 और टेस्ट में 9230 रन बनाए। टेस्ट में वे 19वें टॉप स्कोरर रहे, लेकिन वनडे और टी-20 में तीसरे टॉप रन स्कोरर हैं। विराट अगर किसी एक भी फॉर्मेट में टॉप स्कोरर बन जाएं तो जरूर बेस्ट ऑल फॉर्मेट बनने की रेस में टॉप कर सकते हैं। दूसरी ओर, ICC रैंकिंग पर नजर डालें तो इतिहास में विराट टेस्ट में 11वें बेस्ट रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने वाले बैटर रहे। टी-20 में तीसरे और वनडे में छठे बेस्ट रैंक बैटर रहे। उनके नाम तीनों फॉर्मेट मिलाकर 82 सेंचुरी हैं। जो सचिन तेंदुलकर के बाद सबसे ज्यादा हैं। ICC रैंकिंग में विराट से बेहतर रैटिंग पॉइंट्स कोई भी भारतीय हासिल नहीं कर पाया। सचिन के किसी भी फॉर्मेट में 900 रेटिंग पॉइंट्स नहीं रहे। विराट बेस्ट ऑल फॉर्मेट प्लेयर है या नहीं? इसका जवाब ICC ने अपनी रैंकिंग से जरूर दे दिया, लेकिन विराट के टेस्ट आंकड़े इस मामले में उन्हें कुछ हद तक पीछे कर देते हैं।

# इंग्लैंड के जो रूट 8 वीं बार नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज

## भारत से पंत और जायसवाल को एक-एक स्थान का नुकसान, बुमराह नंबर-1 बॉलर बरकरार



एजेंसी ● दुबई

**इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने एक बार फिर ICC टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट में रूट ने शानदार 104 और 40 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड को 22 रन की जीत मिली और रूट को 888 रेटिंग अंकों के साथ नंबर-1 की रैंक वापस मिल गई।**

रूट ने इंग्लैंड के ही हैरी ब्रुक (862 अंक) को पीछे छोड़ा। यह रूट का टेस्ट आठवीं बार नंबर-1 बनना है, और 34 साल की उम्र में वह कुमार संगाकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर-1 बल्लेबाज हैं। भारत से यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को एक-एक जबकि कप्तान शुभमन गिल को 3 स्थान का नुकसान हुआ है। बॉलिंग रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर बने हुए हैं।

### स्टीव चौथे और विलियमसन दूसरे स्थान पर

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ जमैका टेस्ट में 48 रन की पारी खेलकर एक स्थान की छलांग लगाई और अब वह 816 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके साथी कैमरन ग्रीन ने भी 46 और 42 रन बनाकर 16 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 29वें स्थान (619 अंक) पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को रैंकिंग में फायदा हुआ है। वे अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं। जबकि हैरी ब्रूक तीसरे पायदान पर खिसक गए हैं।

### बोलैंड ने करियर बेस्ट रैंकिंग हासिल की

गेंदबाजों की बात करें तो स्कॉट बोलैंड ने जमैका टेस्ट में हैट्रिक सहित 6 विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 6वीं प्राप्त की। उनके नाम अब तक सिर्फ 16.53 की औसत से 62 टेस्ट विकेट हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का दबदबा जारी है

ऑस्ट्रेलियाई बॉलर्स ने रैंकिंग में दबदबा बनाए रखा है। पैट कमिंस (तीसरे), जोश हेजलवुड (चौथे ) और नाथन लायन (आठवें) जैसे नाम टॉप-10 में बने हुए हैं। इस समय ऑस्ट्रेलिया के पांच गेंदबाज टॉप-10 में हैं, जो 1958 में इंग्लैंड के 6 गेंदबाजों के टॉप-12 में होने के बाद सबसे बड़ी टीम-हावी स्थिति है।

### बिनुरा फर्नांडो 22 स्थान ऊपर पहुंचे

टी20 रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुए हैं, जहां श्रीलंका के नुवान तुषारा और बांग्लादेश के ऋषाद हुसैन क्रमशः 9 और 12 स्थान की छलांग लगाकर 16वें और 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के बिनुरा फर्नांडो 22 स्थान की छलांग लगाकर पहली बार टॉप-50 में शामिल हुए हैं। दासुन शनाका आठ स्थान चढ़कर टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 54* रन की पारी के बाद दो स्थान चढ़कर 6वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### वाशिंगटन ने 12 स्थान की छलांग लगाई

वेस्टइंडीज से शमार जोसेफ 15 स्थान ऊपर चढ़कर 14वें, जस्टिन ग्रीव्स 15 स्थान चढ़कर 65वें और अल्जारी जोसेफ दो स्थान चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के लिए लॉर्ड्स टेस्ट में वॉशिंगटन सुंदर 12 स्थान की छलांग लगाकर 46वें स्थान पर पहुंचे हैं।

### जडेजा टॉप ऑलराउंडर

लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी इनिंग में शानदार बल्लेबाजी करने वाले रवींद्र जडेजा टॉप ऑलराउंडर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।



# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से तीसरा टी-20 हराया

## सीरीज 2-1 से जीती, तंजिद हसन ने 73 रन बनाए

एजेंसी ● कोलंबो

बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से तीसरा टी-20 हराकर सीरीज 2-1 से जीत ली। कोलंबो में बुधवार को श्रीलंका ने बैटिंग चुनी। टीम 7 विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी। बांग्लादेश ने 16.3 ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। तंजिद हसन तमीम ने 73 रन बनाए, वहीं मेहदी हसन ने 4 विकेट लिए।

श्रीलंका की बेहद खराब शुरुआत टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी होम टीम ने शुरुआती 5 गेंदों पर 14 रन बना दिए, लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर कुसल मेंडिस आउट हो गए। उन्होंने 6 रन बनाए। उनके बाद कुसल परेरा (0), दिनेश चांदीमल (4 रन) और कप्तान चरिथ असलंका (3 रन) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। निसांका ने 46 रन बनाए श्रीलंका ने 11वें ओवर में ओपनर पाथुम निसांका का विकेट गंवा दिया, वे 46 रन बनाकर आउट हुए, इस समय टीम का स्कोर महज 66 रन था। उनके बाद कामिंडु मेंडिस 21 रन बनाकर आउट हुए। जेफरी वांडरसे ने 7 और महीश तीक्षणा ने 6 रन बनाए। पूर्व कप्तान दासुन शनाका 35 रन बनाकर नॉटआउट रहे और टीम का स्कोर 132 तक पहुंचा दिया। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन ने 4 विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान और शमीम हुसैन को 1-1 विकेट मिला। 17वें ओवर में ही जीत गया बांग्लादेश 133 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम ने पहली गेंद पर विकेट गंवा दिया। परवेज हसन इमोन खाता खोले बगैर LBW हो गए। तंजिद हसन तमीम ने फिर कप्तान लिट्टन दास के साथ 74 रन की पार्टनरशिप कर दी। लिट्टन 32 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-4 पर उतरे तौहिद हृदॉय ने 27 रन बनाए। उनके साथ तंजिद हसन तमीम ने फिफ्टी लगाई, वे 73 रन बनाकर नॉटआउट रहे और टीम को 16.3 ओवर में जीत दिला दी। श्रीलंका से कामिंडु मेंडिस और नुवान थुषारा ने 1-1 विकेट लिया। श्रीलंका ने वनडे और टेस्ट सीरीज जीती थी दूसरा और तीसरा टी-20 जीतकर बांग्लादेश ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। टीम ने वनडे सीरीज 1-2 और टेस्ट सीरीज 0-1 से गंवा दी थी।

# ट्राई सीरीज-न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया

एजेंसी ● हरारे

न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराकर जिम्बाब्वे में चल रही टी-20 की ट्राई सीरीज में जीत से शुरुआत की है। वहीं, जिम्बाब्वे से पहला मैच 5 विकेट से जीतने वाली साउथ अफ्रीका को पहली हार झेलनी पड़ी है। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड की टीम पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। सीरीज में हिस्सा ले रही तीनों टीमों को आपस में 2-2 मैच खेलने हैं यानी कि हर टीम 4 मैच खेलेगी। हरारे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 18.2 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। मैट हेनरी और जैकब डफी ने 3-3 विकेट झटके। कीवियों की ओर से टिम रॉबिन्सन ने 57 बॉल पर नाबाद 75 रन बनाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। अफ्रीका ने 51 रन बनाने में गंवाए 4 विकेट 174 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका की टीम 18.2 ओवर में ऑलआउट हो गई। टीम को आखिरी 8 ओवर में 73 रनों की जरूरत थी। लेकिन, अफ्रीकी टीम ने आखिरी 4 विकेट 51 रन बनाने में गंवा दिए। 12वें ओवर की आखिरी बॉल पर डेवाल्ड ब्रेविस 35 रन बनाकर आउट हुए। तब साउथ अफ्रीका का स्कोर 101/6 था। ब्रेविस को मैट हेनरी ने पवेलियन भेजा। रन चेज की खराब शुरुआत, 50 के अंदर 3 बैटर्स आउट साउथ अफ्रीका ने रन चेज में खराब शुरुआत की। टीम ने 50 रन के अंदर 3 विकेट गंवा दिए थे। ओपनर लौन डेर प्रिटोरियस 27, रुबिन हरमन एक और रीजा हेंड्रिक्स 16 रन बनाकर आउट हुए। सेनुरन मुथुस्वामी भी 7 रन ही बना सके। लगातार विकेट गंवाती रही साउथ अफ्रीका रन चेज में साउथ अफ्रीका की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। टीम की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी।

## इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से बेंगलुरु में खेलेगी इंडिया; पाकिस्तान के दोनों मुकाबले कोलंबो में

# विमेंस वर्ल्ड कप के वॉर्म-अप मैचों का शेड्यूल रिलीज

एजेंसी ● नई दिल्ली

**विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के वॉर्म-अप मैचों का शेड्यूल रिलीज हो गया है। भारत की मेजबानी में होने वाले टूर्नामेंट का पहला अभ्यास मैच 25 सितंबर को इंडिया और इंग्लैंड विमेंस के बीच बेंगलुरु में होगा। पाकिस्तान के दोनों वॉर्म-अप मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।**



भारत के दोनों मैच बेंगलुरु में 30 सितंबर से शुरू होने वाले विमेंस वर्ल्ड कप से पहले 8 टीमें 9 वॉर्म-अप मैच खेलेंगी। इंडिया विमेंस अपने दोनों अभ्यास मैच बेंगलुरु में खेलेगी। इंग्लैंड के खिलाफ पहला मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मैदान पर खेला जाएगा। वहीं 27 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। दोनों मुकाबले दोपहर 3 बजे से शुरू होंगे। 25, 27 और 28 सितंबर को सभी मुकाबले 25 सितंबर को भारत के मैच के साथ श्रीलंका-पाकिस्तान, बांग्लादेश-श्रीलंका-ए, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के वॉर्म-अप मैच भी होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 2 अभ्यास मैच खेलने से मना कर दिया, टीम 27 सितंबर को इंग्लैंड से ही इकलौता वॉर्म-अप मैच खेलेगी। इस दिन श्रीलंका-बांग्लादेश का मैच भी होगा। 28 सितंबर को साउथ अफ्रीका और श्रीलंका-ए से पाकिस्तान भिड़ेगी। 1 बार टी-20 वर्ल्ड कप जीत चुकी वेस्टइंडीज इस बार वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के दोनों वॉर्म-अप मैच कोलंबो में होंगे। 2 नवंबर को बेंगलुरु में ही फाइनल भारत की मेजबानी में होने वाला विमेंस वर्ल्ड कप 30 सितंबर से 2 नवंबर तक चलेगा। फाइनल बेंगलुरु में होगा। अगर पाकिस्तान ने खिताबी मुकाबले में जगह बनाई तो मैच श्रीलंका के कोलंबो शहर में खेला जाएगा। 29 और 30 अक्टूबर को 2 सेमीफाइनल होंगे। गुवाहाटी और बेंगलुरु में दोनों मैच होने हैं। अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंची तो गुवाहाटी वाला सेमीफाइनल कोलंबो में होगा, जहां पाकिस्तान खेलेगी। पाकिस्तान के सभी मैच कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच खराब राजनीतिक रिश्तों के कारण पाकिस्तान टीम भारत में मैच नहीं खेलेगी। इसलिए उनके सभी राउंड रॉबिन मैच भी श्रीलंका के कोलंबो शहर में ही खेले जाएंगे। भारत-पाकिस्तान मुकाबला भी 5 अक्टूबर को कोलंबो में ही होगा। राउंड रॉबिन स्टेज में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 7 मैच खेलेंगी। पॉइंट्स टेबल के टॉप-4 पोजिशन पर रहने वाली टीमें नॉकआउट स्टेज में एंट्री करेगी। भारत ने अब तक एक भी वर्ल्ड कप नहीं जीता। 7 वनडे वर्ल्ड कप जीत चुकी ऑस्ट्रेलिया डिफेंडिंग चैंपियन है। उनके अलावा इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ही ऐसी 2 टीमें हैं, जिन्होंने वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इंग्लैंड ने 4 और न्यूजीलैंड ने 1 टाइटल जीता है। भारत 2005 और 2017 में फाइनल गंवा चुका है।



# नाटो ने चेताया : पुतिन को फोन कर मनाएं, वरना लगेंगे कड़े प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क ● एजेंसी**

ब्रिक्स में शामिल देशों को नाटो की तरफ से चेतावनी जारी की गई है। यह चेतावनी रूस के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने की स्थिति में जारी की गई है। नाटो के महासचिव मार्क रुटे ने अमेरिका की संसद में वहां के सांसदों से मुलाकात के दौरान ये बातें कही हैं। उन्होंने भारत, ब्राजील और चीन से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता पर गंभीरता से सोचने के लिए मनाने की अपील भी की है। उन्होंने कहा, मेरा भारत, चीन और ब्राजील के नेताओं से आग्रह है कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लें क्योंकि यह संकट आपके देश पर बहुत भारी पड़ सकता है। रुटे ने चेताया कि अगर रूस यूक्रेन के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार नहीं हुआ तो इन देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, कृपया पुतिन को फोन करें और कहें कि अब वक्त आ गया है कि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। वरना इसका भारी नुकसान ब्राजील, भारत और चीन को उठाना पड़ेगा।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को नई सैन्य सहायता देने की घोषणा की थी। इस दौरान ट्रंप ने रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 100% सेकेंडरी टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने यह धमकी 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं होने की स्थिति में दी है। आपको बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत, चीन और ब्राजील ने एक तटस्थ नीति अपना रखी है। इन देशों ने यूक्रेन युद्ध में स्पष्ट पक्ष नहीं लिया है और निष्पक्ष रुख अपनाया है। इसके अलावा, इन तीनों देशों के रूस के साथ ऊर्जा और व्यापारिक संबंध जारी हैं। नाटो के इस बयान को रूस पर दबाव बनाने के लिए एक हथियार के तौर पर देखा जा सकता है।




### ट्रंप बार-बार दे रहे धमकी

ट्रंप ने पिछले हफ्ते रुस पर यूक्रेन में लड़ाई समाप्त करने के लिए समझौता करने में विफल रहने की सूरत में बड़े प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि मॉस्को को समझौता करने के लिए 50 दिन का समय दिया जाएगा, जिसके उपरांत उसे बहुत गंभीर आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।



**बारिश से ढाका के हाल बेहाल...**

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में लगातार हो रही भारी बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई है, आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, पिछले कई दिनों से ढाका के हाल बेहाल हो गए हैं। जलमग्न सड़कों पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## शॉट न्यूज

### व्हाइट हाउस में सुरक्षा चूक, लॉकडाउन लगाया

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन 'व्हाइट हाउस' में मंगलवार को सुरक्षा चूक की वजह से लॉकडाउन लगाना पड़ा। दरअसल, किसी ने व्हाइट हाउस के सेफ्टी फेंस (सुरक्षा बाड़) के ऊपर से एक फोन फेंक दिया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने मीडिया को बताया- किसी ने बाड़ के ऊपर से अपना फोन फेंक दिया था। इसके तुरंत बाद जरूरी सुरक्षा कदम उठाए गए। आनन-फानन में पत्रकारों को जेम्स ब्रैडी ब्रीफिंग रूम में शिफ्ट करके पेनसिल्वेनिया एवेन्यू को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया। हालांकि, भारतीय समयानुसार रात 09:26 बजे तक हालात सामान्य हो गए। व्हाइट हाउस ने अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया। घटना के वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस में थे और पेनसिल्वेनिया जाने की तैयारी कर रहे थे।

### अहम सहयोगी पार्टी ने छोड़ा नेतन्याहू का साथ

**तेल अवीव।** इजराइल में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार को तगड़ा झटका लगा है। उनकी प्रमुख सहयोगी पार्टी यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) ने सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा कर दी। पार्टी ने कहा कि सैन्य सेवा से धार्मिक यहूदियों को छूट देने वाले बिल पर सहमति नहीं बनने के चलते यह कदम उठाया गया है। यूटीजे के अधिकांश समर्थक रूढ़िवादी यहूदी हैं और वे सैन्य सेवा से छूट की मांग करते रहे हैं। लेकिन गाजा युद्ध के चलते इजराइल में सैन्य बल की जरूरत बढ़ने से यह मुद्दा और विवादास्पद हो गया है। दरअसल, इजराइल की 120 सीटों वाली संसद में सरकार बनाने के लिए 61 सीटों का बहुमत चाहिए।

### चलती बस में दिया बेटे को जन्म, फिर बस से फेंका

**परभणी।** महाराष्ट्र के परभणी में एक 19 साल की महिला ने चलती स्लीपर कोच बस में एक बच्चे को जन्म दिया। लेकिन उसने और उसका पति होने का दावा करने वाले युवक ने नवजात को खिड़की से बाहर फेंक दिया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 6.30 बजे पाथरी-सेलु रोड पर हुई। एक सतर्क नागरिक द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई कि बस से कपड़े में लिपटी कोई चीज बाहर फेंकी गई है। पुलिस ने बताया रितिका ढेरे नाम की एक महिला स्लीपर कोच बस में अल्ताफ शेख (जो उसका पति होने का दावा करता था) के साथ पुणे से परभणी जा रही थी। यात्रा के दौरान, गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी और उसने एक लड़के को जन्म दिया। लेकिन, दंपति ने बच्चे को कपड़े में लपेटकर बस से बाहर फेंक दिया। स्लीपर बस के ड्राइवर ने इसके बारे में पूछताछ की, तो शेख ने बताया कि उसकी पत्नी को उल्टी हो रही थी।

### ट्रेड डील पर बातचीत चल रही; इंडोनेशिया पर 19% टैरिफ लगाया

# यूएस को इंडियन मार्केट में पहुंच मिलने वाली है- ट्रम्प

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

**बातचीत**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारतीय मार्केट में पहुंच हासिल करने के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर अमेरिका 19% टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने भारत को लेकर कहा- हमें इंडियन में मार्केट में पहुंच मिलने वाली है। पहले हमें इन देशों में कोई पहुंच नहीं थी। हमारे लोग वहां व्यापार नहीं कर पाते थे। अब टैरिफ के जरिए हम पहुंच हासिल कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात करने के बाद एक व्यापार समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिकी इंपोर्ट पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा, जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया के निर्यात पर 19% टैरिफ लगाएगा।



### इंडोनेशिया, अमेरिका पर जीरो टैरिफ लगाएगा

ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा- हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा- इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में एक्सेस दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19% टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को "पक्का" बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा।

### ट्रम्प बोले- यह समझौता पक्का है

ट्रम्प ने यह भी बताया कि इंडोनेशिया के पास हाई क्वालिटी वाला कॉपर (तांबा) है, जो अमेरिका के लिए फायदेमंद होगा। हालांकि, इंडोनेशिया सरकार ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। सीएनएन के मुताबिक, पिछले साल इंडोनेशिया ने अमेरिका को 2 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था, जबकि चिली ने 60 करोड़ डॉलर और कनाडा ने 40 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था।

### रूस पर 100% टैरिफ की धमकी दी

ट्रम्प ने सोमवार को रुस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा था- मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। ट्रम्प ने कहा था कि अगर रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100% टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने बताया कि यह 'सेकेंडरी टैरिफ' होगा, जिसका मतलब रुस से तेल खरीदने वाले देशों, जैसे भारत और चीन, पर भी प्रतिबंध लगेगा।

### ईरान जाने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी

# 'गैर-जरूरी यात्रा से बचें, कॉमर्शियल फ्लाइट्स का ही इस्तेमाल करें'

**तेहरान/ नई दिल्ली ● एजेंसी**

ईरान में स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात भारत के नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। भारतीय दूतावास ने लोगों से ईरान में गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। भारतीय दूतावास ने X पर कहा, 'पिछले कई हफ्तों में सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की गैर-जरूरी यात्रा करने से बचें।' साथ ही लोगों को यह भी सलाह दी गई कि वे ईरान के ताजा घटनाक्रमों पर नजर रखें और भारतीय अधिकारियों की तरफ से जारी एडवाइजरी का पालन करें। जो भारतीय नागरिक पहले से ही ईरान में हैं और वहां से निकलना हैं, उन्हें कॉमर्शियल फ्लाइट्स और नौका फेरी सर्विस का इस्तेमाल करने को कहा गया।



भारतीय दूतावास की यह चेतावनी इजराइल, ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बाद आई है। जंग के दौरान, भारतीय दूतावास ने ईरान में भारतीय नागरिकों को गैर-जरूरी आवाजाही से बचने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की चेतावनी दी थी। भारत ने ईरान-इजराइल जंग में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए 18 जून को ऑपरेशन सिंधु भी लॉन्च किया था। इसके तहत, ईरान और इजराइल से 4,415 भारतीयों को वापस लाया गया था। इजराइल ने 13 जून को ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए थे। बाद में अमेरिकी ने 21 जून B-2 बॉम्बर से हमला कर ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान न्यूक्लियर साइट्स को तबाह करने का दावा किया था। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कतर स्थित एक अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल हमले किए। बाद में, 24 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल-ईरान के बीच सीजफायर की घोषणा की, जिससे 12 दिनों से चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया।

# दिल्ली के 5 स्कूलों में बम की धमकी

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

दिल्ली में बुधवार को लगातार तीसरे दिन ईमेल के जरिए स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही सभी स्कूलों को एहतियातन खाली करा लिया गया। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। फिलहाल अब तक किसी भी स्थान से कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, हालांकि, जांच अभी जारी है। जिन स्कूलों को ईमेल मिला उनमें सेंट थॉमस स्कूल (द्वारका), वसंत वैली स्कूल (वसंत कुंज), मदर्स इंटरनेशनल स्कूल (हौज खास), रिचमंड ग्लोबल स्कूल (पश्चिम विहार) और सरदार पटेल विद्यालय (लोदी एस्टेट) शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफन्स कॉलेज को भी धमकी भरा मेल भेजा गया। 3 दिनों में अब तक 10 स्कूलों और 1 कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इससे पहले सोमवार को 2 और मंगलवार को 3 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। जांच करने पर कोई भी विस्फोटक नहीं मिला था।




**ईमेल भेजने वाले का आईपी ट्रैक कर रही पुलिस** - दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम इन सभी घटनाओं को आपस में जोड़कर जांच कर रही है। ईमेल भेजने वाले का IP ट्रैक करने की कोशिश की जा रही है। अफवाह फैलाने और डर का माहौल बनाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में कुल 10 स्कूल और 1 कॉलेज को बम धमकी वाले ईमेल मिल चुके हैं। सोमवार को भी चाणक्यपुरी और द्वारका इलाके के दो स्कूलों को ऐसे ही धमकी भरे ईमेल मिले थे, जिनमें तमिलनाडु सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक बातें लिखी थीं। इन सभी जगहों पर तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### कनाडा में अल्बर्टा सरकार ने उठाई मांग

# हिंसा-ड्रग तस्करी के आरोपों के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग को घोषित करो आतंकी संगठन

**ओटावा ● एजेंसी**

**मांग**

कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग तेज हो गई है। प्रांतीय सरकार ने इस गैंग की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहुंच और कनाडा में इसकी खतरनाक गतिविधियों का हवाला दिया है। सरकार का कहना है कि यह गैंग कनाडा में हिंसा, उगाही, ड्रग तस्करी और टारगेट किलिंग जैसे संगीन अपराधों को अंजाम दे रहा है। इससे पहले ब्रिटिश कोलंबिया सरकार ने भी बिश्नोई गैंग पर कार्रवाई की मांग उठाई थी।

ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख डेविड एबी ने कहा था कि बिश्नोई गैंग को कनाडा में आतंकवादी संगठन घोषित किया जाना चाहिए ताकि जांच एजेंसियों को जबरन वसूली और अन्य अपराधों से निपटने में मदद मिल सके। एबी ने यह भी बताया था कि जबरन वसूली की धमकियों के साथ-साथ गोलीबारी और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं, जो सिर्फ ब्रिटिश कोलंबिया ही नहीं, बल्कि एडमॉन्टन और ब्रैम्पटन जैसे अन्य शहरों में भी हो रही हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ब्रिटिश कोलंबिया, अल्बर्टा और ओंटारियो में दक्षिण एशियाई समुदाय के सदस्यों को निशाना बना रहा है। अब अल्बर्टा की प्रीमियर डेनियल स्मिथ और पब्लिक सेफ्टी और इमरजेंसी सर्विस के मंत्री माइक एलिस ने भी बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह गैंग कनाडा और अन्य देशों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है और इसकी पहुंच पूरी दुनिया में फैली है।



स्मिथ और एलिस ने एक संयुक्त सोशल मीडिया बयान में कहा, लॉरेंस बिश्नोई गैंग एक ट्रांसनेशनल क्रिमिनल नेटवर्क है, जो कनाडा समेत कई देशों में हिंसा, उगाही, टारगेट किलिंग और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में शामिल है। बयान में जोर देकर कहा गया कि इस गिरोह की गतिविधियां ना सीमाएं जानती हैं और ना उनका सम्मान करती हैं। अल्बर्टा एक स्पष्ट संदेश देना चाहता है- 'यहां आपका स्वागत नहीं है।' स्मिथ और एलिस ने कहा कि यदि बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किया जाता है तो प्रांतीय सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे नेटवर्क के संचालन को प्रभावी ढंग से रोकने की शक्ति और संसाधन मिलेंगे।

### दक्षिण एशियाई समुदाय पर प्रभाव

बयान में यह भी उल्लेख किया गया कि अल्बर्टा और पूरे कनाडा में दक्षिण एशियाई समुदाय इस गैंग की गतिविधियों से प्रभावित हुआ है। स्मिथ और एलिस ने कहा, हम आतंकवादी संगठनों, गैंगों और हिंसक अपराधियों को अल्बर्टा के लोगों को निशाना बनाने और उनका शोषण करने से रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 'अब कार्रवाई का समय आ गया है'

दोनों नेताओं ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से अपील की कि वो इस मुद्दे पर तत्काल कदम उठाएं और सभी कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा, अब कार्रवाई का समय है। संघीय सरकार को इस गैंग को खत्म करने के लिए हरसंभव कदम उठाने चाहिए ताकि कनाडाई नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)